हरिभूमि
रायपुर भूमि

## फिल्टर बेड की दिन में 2 बार सफाई

नगर निगम के भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में पानी को साफ कर उपयोग के लायक बनाने 44 फिल्टर बेड लगाए गए हैं। जल शुद्धिकरण के दौरान रॉ वाटर इन फिल्टर बेड के माध्यम से शुद्ध करने के बाद शहर के नई व पुरानी 43 पानी टंकियों से होकर 15 लाख लोगों के घरों में नलों के जरिये पहुंचता है। सामान्य दिनों में केवल एक बार 44 फिल्टर बेड की सफाई करने से वाटर फिल्टरेशन की प्रक्रिया सहजता से पूरी हो जाती है। जबकि बारिश के सीजन में प्राकृतिक शेष पेज 13 पर

- बारिश के पानी में भरपूर अशुद्धि, 44 फिल्टर बेड से पानी शुद्धिकरण की प्रक्रिया







# खारुन लबालब, एनीकट 36 इंच ओवरफ्लो, टर्बिडिटी 600 पीपीएम, पानी शुद्ध करने 12 टन से ज्यादा एलम की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश में शुक्रवार को तेज बारिश के बाद खारुन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। एनीकट 36 इंच ओवरफ्लो होकर बह रहा है। प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी आने से इसमें मटमैलापन 600 पीपीएम तक जा पहुंचा है। प्राकृतिक बहाव वाले इस रॉ वाटर में अशुद्धियों की मात्रा बहुत ज्यादा है, इसलिए इसके फिल्टरेशन के समय अब दो बार फिल्टर बेड की सफाई करनी पड़ रही है, क्योंकि फिल्टर बेड में मिट्टी जमा होने से पानी में मटमैलापन बढ़ गया है। ऐसे में इसे साफ करने में सामान्य दिनों की अपेक्षा चार गुना ज्यादा एलम की शेष पेज 13 पर

### कहां-कितने फिल्टर बेड

जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में 16 फिल्टर बेड लगाए गए हैं, जबकि पुराने 80 एमएलडी प्लांट में 8, नए 80 एमएलडी के प्लांट में 10 और पुराने प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित हैं। इस तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इस दौरान भारी मात्रा में मिट्टी सहित जलीय अशुद्धि फिल्टर बेड में जमा होती है, जिसे समय-समय पर साफ करना बेहद जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज कवर्धा जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को दिनभर के दौरे पर रहेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह 9.30 बजे



कबीरधाम जिले के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे मंदिर दर्शन से लेकर विकास कार्यों के लोकार्पण तक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहां से लौटकर राज्य स्तरीय सम्मेलनों और बैठकों में भाग लेंगे। दोपहर में कबीरधाम जिले से लौटकर कैपिटल ग्रीन रिसोर्ट, नवा रायपुर पहुंचेंगे, जहां वे स्टील एवं माइनिंग समिट-2025 के चौथे संस्करण में भाग लेंगे।

### पीएचक्यू में तैनात आरक्षक से 20 लाख की ठगी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में पीएचक्यू, एसआईबी में तैनात एक आरक्षक ने अज्ञात ठग के खिलाफ बिजनेस में पैसा निवेश कराने के नाम पर 20 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जीएडी कॉलोनी निवासी पृथ्वीराज ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पृथ्वीराज ने बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे टेलीग्राम से जोड़कर सिस्टम बिजनेस डॉट काम में रकम निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर पिछले महीने 22 से 26 जून तक रकम निवेश कराकर ठगी का शिकार बनाया।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में कोल माइंस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़कर एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिरदा रोड लभांडी स्थित आनंदभूमि निवासी जी. सुब्रामण्यम ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

### पति ने पत्नी को पीटा

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रायपुरा निवासी प्रियंका चंद्राकर ने अपने पति विशाल सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति शनिवार देर रात घर आया और खाना खाने के बाद अपने कमरे में गया। इस दौरान प्रियंका ने अपने पति का मोबाइल चेक किया। मोबाइल में किसी लड़की का नंबर देखने के बाद महिला ने अपने पति से इसकी जानकारी मांगी। इस बात से नाराज होकर विशाल ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की।

### जमीन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में रविवार को दो पक्षों ने जमीन विवाद के चलते एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। केके रोड निवासी अब्दुल नजीम ने अब्दुल अजीम के खिलाफ जमीन विवाद के चलते मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अब्दुल अजीम ने अब्दुल नजीम तथा अब्दुल नईम, अब्दुल समीम के खिलाफ कोर्ट से जमीन विवाद केस वापस लेने दबाव बनाने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच कर रही है।

## तय तिथि तक कोर्ट में नहीं आने पर आरोपियों को फरार घोषित करेंगे

# आफिस टूटा, 18 तक पेश नहीं हुए तोमर बंधु तो संपत्तियां अटैच हो सकती हैं, पुलिस ने लगाया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सूदखोरी के नाम पर लोगों को डराने, धमकाने, जबरन उगाही, ब्लैकमेलिंग करने तथा उनकी संपत्ति जबरन कब्जा करने के मामले में फरार आरोपी तोमर भाइयों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई कर पुलिस ने फरार तोमर भाइयों पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। दोनों ने अग्रिम जमानत के लिए पिछले दिनों अर्जी भी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दोनों भाइयों को 18 अगस्त तक कोर्ट ने पेश होने उद्घोषणा जारी की है। तय तिथि तक दोनों भाइयों के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर पुलिस उनकी संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई कर सकती है। इसके लिए पुलिस कोर्ट में आवेदन लगाया है।

पुलिस को तोमर भाइयों के संपत्ति के बारे में जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक, उनके नाम पर भाठागांव स्थित मकान के साथ खरोरा, भनपुरी और अभनपुर में प्लाट हैं। इसके अलावा तोमर भाइयों ने कर्जदारों के प्लाट तथा उनकी संपत्ति पर कब्जा किया है, जो तोमर भाइयों के नाम विधिवत नहीं हुआ है। ऐसे में संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई होने पर तोमर भाइयों की स्थायी संपत्ति में भाठागांव स्थित मकान के साथ खरोरा, अभनपुर तथा भनपुरी के प्लाट को सूचीबद्ध कर सकती है। इसके अलावा पूर्व में तोमर भाइयों के यहां से जब्त कैश 37 लाख रुपए तथा एक करोड़ रुपए के जेवर को कुर्की में शामिल कर सकती है। शेष पेज 13 पर

### फरार तोमर भाइयों की जमानत अर्जी हो चुकी है खारिज





#### संपत्ति कुर्की के लिए दिया है आवेदन

वीरेंद्र, रोहित की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। तोमर भाइयों के बैंक अकाउंट सीज किए गए हैं। उनके ठिकानों से सौ से ज्यादा प्रॉपर्टी के पेपर जब्त किए गए हैं। संपत्ति अटैच करने कोर्ट में आवेदन पेश किया है। कोर्ट में सुनवाई के बाद संपत्ति अटैच की कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी, रायपुर

### करीब एक दर्जन बैंक अकाउंट सीज

तोमर भाइयों के फरार होने के बाद पुलिस ने वीरेंद्र, रोहित तथा उनकी पत्नियों के नाम पर अलग-अलग बैंक में संचालित एक दर्जन के करीब बैंक अकाउंट सीज कराए हैं। फरार तोमर भाई बैंक में जमा राशि की उपयोग न कर पाएं, इसलिए पुलिस ने बैंक अकाउंट सीज कराए हैं। इसके अलावा पुलिस ने तोमर भाइयों की ब्रेजा, स्कार्पियो, बीएमडब्ल्यू, फार्च्यूनर, जगुआर सहित आधा दर्जन महंगी लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। पुलिस के अनुसार, जब्त सभी गाड़ियां एक्सटार्सन की हैं। जगुआर कार को उसके मूल मालिक ने कोर्ट में आवेदन देकर अपने कब्जे में ले लिया है।

### संपत्ति कुर्की के लिए कोर्ट में आवेदन

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार, फरार तोमर भाइयों की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। दोनों भाइयों की संपत्ति कुर्क करने कोर्ट में आवेदन पेश किया गया है। 18 अगस्त को सुनवाई के बाद संपत्ति कुर्क करने के फैसले पर कोर्ट निर्णय लेगी। एसएसपी के अनुसार, तोमर भाइयों के कब्जे से 100 से ज्यादा प्रॉपर्टी के पेपर जब्त किए गए हैं। पुलिस ने जिन तोमर भाइयों के ठिकानों से प्रॉपर्टी के पेपर जब्त किए हैं। उक्त सभी पेपर तोमर भाइयों ने अपने कर्जदारों को धमकी देकर अपने कब्जे में लिए हैं।

# संजीवनी सेवा के लिए आवेदन 31 तक, लंबी शिकायतों की वजह पुरानी टेंडर प्रक्रिया हुई थी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जरूरतमंदों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने उपलब्ध निशुल्क 108 संजीवनी सेवा के लिए नई एजेंसी तय करने 31 जुलाई तक ठेका कंपनियों से आवेदन मंगाए गए हैं। पुरानी टेंडर प्रक्रिया को विभिन्न शिकायतों के बाद स्थगित कर दिया गया था। शिकायत की गई थी कि एक विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए नियम बनाए गए थे।

- नई एजेंसी तय करने सीजीएमएससी पूरी कर रही प्रक्रिया

अनुबंध पूर्ण होने के बाद राज्य में संचालित 108 संजीवनी सेवा के संचालन के लिए नई एजेंसी तय करने स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रक्रिया शुरू की गई है। नई एजेंसी तय करने टेंडर जारी किया गया है। इस दौरान विभिन्न स्थानीय कंपनियों ने इसके लिए तैयार नियम पर सवाल उठाए थे। उनका आरोप था, नियम इस तरह बनाए गए हैं कि छोटी और मंझोली कंपनियां इस टेंडर में भागीदारी पूरी नहीं कर पाएं और नियमों के हिसाब से अपात्र हो जाएं, इस दौरान एक कंपनी विशेष को लाभ पहुंचाने के आरोप भी लगे थे। विभिन्न तरह की शिकायतों को विभाग के आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद पुरानी प्रक्रिया को रद्द कर इसके लिए नया टेंडर जारी किया गया है, जिसकी अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है। इस योजना की शुरुआत के दौरान विभाग द्वारा एजेंसी तय कर उन्हें विभागीय स्तर पर उपलब्ध एंबुलेंस चलाने का काम दिया गया था। दूसरी बार में नियम में बदलाव किया गया और तय एजेंसी को नई एंबुलेंस के साथ काम करने का मौका दिया गया था। उनका करार पूरा होने के बाद विभाग नए अनुबंध के लिए सीजीएमएससी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

### अफसर भी बदले जा चुके

निशुल्क एंबुलेंस के संचालन की योजना का काम जिस अधिकारी को दिया गया था, उन्हें बदला जा चुका है। नोडल अफसर पर विभिन्न तरह की योजनाओं को पूरा करने में कोताही बरतने के आरोप लगे थे। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने उनका प्रभार वापस ले लिया था। कुछ समय बाद स्वास्थ्य संचालनालय स्तर पर विभिन्न योजनाओं कार्यों के लिए अधिकारियों के बीच नई जिम्मेदारी का बंटवारा किया गया है।

# संसाधन नहीं तो काम नहीं... तहसीलदार, नायब तहसीलदारों का आज से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भर के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार संसाधन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले यह आंदोलन होगा। जिसकी शुरुआत सोमवार को जिलास्तर पर सा मू हि क अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन से होगी।

- 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हुए लामबंद
- छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले प्रदर्शन

प्रदेश के सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की स्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति और नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित करने सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार 28 जुलाई से आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले यह आंदोलन संसाधन नहीं तो काम नहीं की तर्ज पर होगा। आंदोलन का समापन 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय आंदोलन के रूप में होगा।

संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि पूर्व में भी विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया है। विशेष रूप से तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों के संसाधनों में भारी कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधा, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन से आ रही परेशानी से अवगत कराया गया। संघ द्वारा विभिन्न अवसरों पर ज्ञापन देकर मांगों के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है। इसके बाद भी लंबे समय से मांगों की अनदेखी की जा रही है। इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन 28 जुलाई को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन के साथ किया जाएगा। 29 जुलाई को शेष पेज 13 पर



### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति के अनुपात को पूर्व की भांति 50:50 करना
- पूर्व मांग व घोषणा अनुसार नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित करना
- प्रत्येक तहसील में स्थायी स्टॉफ, शासकीय वहन, ड्राइवर एवं ईंधन की उपलब्धता
- न्यायिक मामलों में न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम का अनुपालन
- ग्रेड-पे में सुधार सहित अन्य मांगें शामिल।

## खेती-किसानी में आई तेजी

# खाद दुकानों में छापेमारी जांच के लिए उठाए सैंपल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खेती-किसानी का काम रफ्तार पकड़ने के बाद उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच के लिए राज्य एवं केंद्रीय स्तर की टीम सक्रिय हो गई है।निरीक्षण दल ने ग्राम लखौली और गिरौद के कृषि केंद्रों की जांच करने के बाद विभिन्न उर्वरकों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।उर्वरक की बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर गिरौद के कृषि केंद्र को 21 दिन के लिए निलंबित किया गया है।

**लखौली और गिरौद के कृषि केंद्रों में पहुंचा जांच दल**

प्रदेशी के किसान खेतों में बियासी का काम पूरा कर रहे हैं और आने वाले दिनों में फसलों को खाद और उर्वरक की आवश्यकता होगी।इनकी डिमांड बढ़ने और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए राज्य एवं केंद्र स्तर की टीम सक्रिय हुई है। रायपुर जिले में कृषक हित में उर्वरकों की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन रोकने के लिए जांच की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। खरीफ वर्ष 2025 के तहत जांच दल के द्वारा लखौली के मेसर्स इंदू कृषि केन्द्र का शेष पेज 13 पर

# 30 साल बाद ऐसी मंदी, आलू-प्याज की डिमांड 60 फीसदी घटी, दाम धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक तरफ कई सामानों पर महंगाई की मार पड़ रही है तो दूसरी तरफ आलू, प्याज और लहसुन के दाम डिमांड न होने के कारण बहुत कम हो गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक, ऐसी मंदी का दौर 30 साल बाद देखने को मिल रहा है। इस समय आलू के दाम थोक में 14 रुपए और चिल्हर में 20 से 25 रुपए हैं। प्याज के दाम थोक में 8 से 16 रुपए और चिल्हर में 20 से 25 रुपए हैं। सबसे बड़ी बात यह कि आलू और प्याज की डिमांड 60 फीसदी तक कम हो गई है।

आलू और प्याज की कीमत ने बीते साल ही रुला दिया था। बंगाल से आने वाले आलू पर वहां की ममता बनर्जी सरकार द्वारा दूसरे राज्यों में भेजने पर प्रतिबंध लगाया गया था, इसकी वजह से आलू के दाम पहली बार 50 रुपए तक गए। प्याज के दाम तो पहले ही रुलाने का काम करते ही हैं। इसके दाम बीते साल 80 रुपए तक गए थे।




### आवक आधे से भी कम

राजधानी की मंडियों में इस समय आलू-प्याज की आवक बहुत कम हो गई है। जो आलू रोज 25 ट्रक के आसपास आता था, वह डिमांड न होने के कारण इस समय 8 से 10 ट्रक ही आ रहा है। इसी तरह से प्याज की आवक जो रोज 30 से 35 ट्रक रहती थी, वह 20 ट्रक से कम हो गई है। प्रदेश की दूसरी मंडियों में भी आवक आधी हो गई है।

### 30 साल बाद ऐसी मंदी

इस समय बाजार में जो मंदी का दौर दिख रहा है, वह 30 साल बाद देखा जा रहा है। आलू-प्याज की पहले इतनी डिमांड कभी कम नहीं रही थी। डिमांड कम होने के कारण ही दाम घट गए हैं।

- अजय अग्रवाल, अध्यक्ष भनपुरी आलू-प्याज थोक व्यापारी संघ

### कीमत अब जमीन पर

*आलू और प्याज के दाम इस साल नई फसल आने के बाद से ही कम हो गए हैं। लंबे समय से आलू के दाम थोक में 12 से 14 रुपए चल रहे हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो इसके दाम अलग-अलग बाजारों और दुकानों में अलग-अलग हैं। सब्जी मंडियों में आलू के दाम 20 से 25 रुपए हैं। किराना दुकानों में भी इसके दाम 25 रुपए हैं, लेकिन मोहल्लों और कॉलोनियों में सब्जी विक्रेता तथा ठेले वाले इको 30 रुपए तक बेच रहे हैं। ऐसी ही स्थिति प्याज की भी है। प्याज थोक में 8 से 16 रुपए है। 16 रुपए वाला थोक का प्याज चिल्हर में 20 से 25 रुपए में मिल रहा है। कम कीमत वाला प्याज जो अच्छी क्वालिटी का नहीं है, वह 15 रुपए में मिल रहा है।*

*दिल्ली, मुंबई सहित की कई शहरों का किराया दस हजार से कम*

# बारिश के मौसम में ठंडा हुआ हवाई सफर यात्री कम तो किराया भी राहत भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश के मौसम में रायपुर से दूसरे शहरों तक हवाई यात्रा करने वालों की संख्या कम हो गई है। यात्री घटने से इन शहरों का एयर फेयर भी राहत भरा हो गया है। वर्तमान में दिल्ली, मुंबई सहित अन्य शहरों का फेयर दस हजार से नीचे जा चुका है। छुट्टियों के मौसम में यही टिकट 18 से 20 हजार में मिलना मुश्किल हो जाता है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बारिश के दिनों में लोगों का घूमना-फिरना काफी कम हो जाता है, जिसकी वजह से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या कम हो शेष पेज 13 पर

### प्रमुख शहरों का एयर फेयर

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 4500 से 9500 तक |
| मुंबई | 6500 से 8800 तक |
| बेंगलुरु | 5500 से 6500 तक |
| हैदराबाद | 5100 तक |

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### औद्योगिक क्षेत्र में किया पौधारोपण

**रायपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज बिरगांव के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने उरला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भोजपुरी समाज के अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री सिंह ने फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले कर्मचारियों से सीधे संवाद कर पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। पौधारोपण करने वालों में रणजीत सिंह, कृष्ण मोहन चौबे, पप्पू मिश्रा, अमलेश सिंह, श्रवण मिश्रा, वीर बहादुर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सरजूबांधा मुक्तिधाम में औषधीय पौधे रोपे



**रायपुर।** कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधवलाल यादव के आव्हान पर अपने मृतक पूर्वजों के नाम से इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल प्रो. घनाराम साहू ने रविवार को अपने पुत्र के साथ सरजूबांधा मुक्तिधाम के पुरखा गार्डन टिकरापारा में औषधीय पौधे रोपे। उन्होंने पांच प्रकार के औषधीय पौधे हल्दी, आमी हल्दी, इंसुलिन आदि के पौधे लगाए। मुक्तिधाम परिसर के पुरखा उद्यान में कोई भी व्यक्ति अपने पुरखों की स्मृति में पौधारोपण कर सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री यादव, गोवर्धन झंवर, ऋषि लोया, रतन जैन, संजय चंद्राकर उपस्थित रहे।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि समाजसेवी का सम्मान



**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर चौबे समता कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी संघ द्वारा समता कॉलोनी स्थित गायत्री भवन के सभागार में रविवार को कारगिल युद्ध में रायपुर से शहीद हुए कैप्टन राजीव पांडे को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसी दौरान शहीद राजीव पांडे के परिजन बड़े भाई सुनील पांडे भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठतम सदस्य व समाजसेवी सुधाकर कोंडापुरकर का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी दौरान कवि संजीव कुमार ठाकुर का भी रिटायर्ड अधिकारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा अभिनंदन किया गया।

# पांच साल बाद सरिया 50 हजार के अंदर, तीन साल पहले 80 हजार थे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मानसून में सरिया की डिमांड न होने के कारण प्रदेश में इसके दाम निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। पांच साल बाद इस समय सरिया के दाम 50 हजार के अंदर हैं। इसके पहले 2019 में इतने दाम थे। तीन साल पहले तो इतिहास में पहली बार सरिया के दाम 80 रुपए टन तक गए थे। इसके बाद दाम कम हुए, पर इतने ज्यादा कम नहीं हुए। ज्यादातर समय सरिया के दाम 60 हजार के आसपास ही रहे हैं, पर अब दाम कम हो गए हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि बाहर से राज्यों से डिमांड कम आ रही है। इसकी वजह से प्रदेश के उत्पादकों ने 40 फीसदी तक उत्पादन कम कर दिया है। प्रदेश में इस समय सरिया की बेसिक कीमत 36 हजार रुपए है। इसमें पांच से छह हजार रुपए एमएम के हिसाब से अंतर के जुड़ते हैं। ऐसे में 12, 16, 20 और 25 एमएम के सरिया के दाम 41 हजार रुपए हैं। इसमें 18 फीसदी जीएसटी के 7380 रुपए जोड़कर दाम 48350 रुपए हैं। चिल्हर में दाम 49 हजार रुपए के करीब है। 8, 10 और 32 एमएमएम का सरिया 50 हजार रुपए टन है।

## मानसून में डिमांड नहीं, उत्पादन भी 40 फीसदी कम

### 80 हजार के पार तक गए हैं दाम

सरिया के दाम इतिहास में पहली बार तीन साल पहले 2022 में 80 हजार के पार गए थे। 2021 से दाम बढ़ने का क्रम प्रारंभ हुआ था जो 2022 मार्च में 80 हजार के पार तक गया था। इसके बाद दाम कम होने प्रारंभ हुए और एक बाद दाम 55 हजार के करीब पहुंचे लेकिन फिर से दाम बढ़ने लगे। 2023 और 2024 में भी दाम 55 हजार से कम नहीं हुए, लेकिन अब दाम 55 हजार से कम होकर 50 हजार पर आ गए हैं।



### रोज 20 हजार टन का उत्पादन

प्रदेश में राज स्पंज आयरन और सरिया का करीब 20 हजार टन का उत्पादन होता है। सरिया का उत्पादन पूरी तरह से स्पंज आयरन पर निर्भर है। राजधानी रायपुर में ही रोज 12 से 13 हजार टन सरिया का उत्पादन होता है। पूरे प्रदेश में यह उत्पादन 20 हजार टन के आस-पास होता है। इस समय डिमांड कम होने के कारण स्पंज आयरन के साथ सरिया का उत्पादन भी 40 फीसदी तक कम हो गया है। यानी इस समय रोज 12 हजार टन के आसपास ही सरिया बन रहा है। प्रदेश में बनने वाले सरिया की डिमांड दूसरे राज्यों में ज्यादा रहती है। दूसरे राज्यों में छत्तीसगढ़ से उत्पादन का 70 फीसदी सरिया जाता है। 30 फीसदी की खपत ही अपने राज्य में होती है।

### राज्य स्तरीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सीएम साय बोले- धर्मांतरण कानून को और शक्तिशाली बनाने लाएंगे विधेयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर कानून जरूर है, लेकिन हमारी सरकार इस कानून को और शक्तिशाली बनाने जा रही है। विधानसभा के अगले सत्र में धर्मांतरण को लेकर विधेयक लाएंगे।

शदाणी दरबार में रविवार को हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। उन्होंने धर्मांतरण के संबंध में कहा, विधानसभा में धर्मांतरण को लेकर जो नया प्रस्ताव लाया जाएगा, उसमें कुछ ऐसे बदलाव किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में धर्मांतरण के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई का कानून बन सके।




### सनानत को मजबूत कर रहे

सीएम श्री साय ने कहा, हमारी सरकार सनातन को मजबूत कर रही है। राजिम कुंभ फिर शुरू किया गया। गो-पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। गो-वंश की रक्षा के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। सड़कों में मवेशी न रहें, इसको लेकर निर्देश दिए हैं। गोशाला का अनुदान बढ़ाया गया है। प्रदेश में मंदिरों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। 48 मंदिरों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी गई है।

### लव जिहाद पर भी चर्चा

अधिवेशन में धर्मांतरण पर कठोर रोक, लव जिहाद विरोधी कानून की त्वरित मांग, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई और धर्म-संस्कृति की रक्षा हेतु जागरूकता पर जोर दिया गया। हिंदू जनजागृति समिति और पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में यह अधिवेशन रायपुर शदाणी दरबार तीर्थ में किया गया। इसमें प्रदेश के दर्जनों संगठनों के दो सौ से ज्यादा प्रतिनिधि, संत, धर्मनिष्ठ नागरिक, वकील और व्यापारी शामिल हुए। हिंदू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट, उदय शदाणी, भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव, हिंदू रक्षा सेना के कमल बिस्वाल और भारत रक्षा मंच के अशोक गुप्ता ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने कहा, प्रदेश में तेजी से हो रहे धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद, बांग्लादेशी घुसपैठ और जनसंख्या परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों पर संगठित विरोध और ठोस रणनीति के उद्देश्य से यह अधिवेशन आयोजित किया गया है।

# भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ ने सेना के जवानों को भेजीं राखियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों के लिए रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत रक्षा-सूत्र लेकर राजधानी रायपुर से यात्रा प्रारंभ हुई। यह यात्रा पूर्व सैनिक संगठन सिपाही के अभियान ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र के तहत देश के विभिन्न राज्यों के शहरों से गुजरकर रक्षाबंधन से पूर्व दिल्ली पहुंचेगी।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, जिनकी वजह से हम सुरक्षित हैं, उन्हें पूरा देश अपना प्रेम भेज रहा है, देश की बेटियां, अपने भाई के लिए राखी भेज रही हैं, एक भाई का दायित्व होता है अपनी बहनों की रक्षा करना और सेना के जवान इस दायित्व को बखूबी निभा रहे हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ की बहनों ने अपने भाइयों को राखी के माध्यम से ढेर सारा स्नेह और आशीर्वाद भेजा है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि देश-प्रदेश की मार्मिक भावना व भारतीय सेना से जुड़े इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन सिपाही का पूरा सहयोग कर भारत में छत्तीसगढ़ का नाम प्रदेशवासियों ने उत्तम राष्ट्रभक्तों में अंकित कराया है। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से रक्षा सूत्र एकत्रित करके उसे रविवार को रवाना किया गया।

रक्षा सूत्र यात्रा प्रारम्भ होने के मौके पर मंत्री टंकराम वर्मा, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, सीमा साहू, विभा अवस्थी, मिनी पाण्डेय, अनूप खेलकर आदि उपस्थित रहे।

# मन की बात में छत्तीसगढ़ की गूंज, साय ने कहा महिलाओं ने दिखा दिया बदलाव असंभव नहीं




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीएम विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम सुना। इस दौरान श्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए विशेष गौरव का विषय है, क्योंकि बिलासपुर जिले के नगर पंचायत बिल्हा में स्वच्छता के क्षेत्र में मातृशक्ति द्वारा किए गए नवाचार का उल्लेख स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम में किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बिल्हा की महिलाओं को वेस्ट मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई और उन्होंने मिलकर शहर की तस्वीर बदल डाली। यह उल्लेख हम सभी छत्तीसगढ़वासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिल्हा की महिलाओं ने दिखा दिया कि जब संकल्प और सहयोग एक साथ हों तो कोई भी बदलाव असंभव नहीं होता। स्वच्छता की इस मिसाल ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। बिल्हा की महिलाओं ने अपने संकल्प से इसे देश का सबसे स्वच्छ शहर बना दिया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो नवाचार किया है, उसे आज प्रधानमंत्री ने मन की बात में विशेष रूप से रेखांकित किया। यह दिखाता है कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से बनता हुआ एक सशक्त जनांदोलन है।

### प्रदेश से सात शहरों को मिला है पुरस्कार


मुख्यमंत्री ने बताया, छत्तीसगढ़ के 7 शहरों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है, जिनमें नगर पंचायत बिल्हा सहित अन्य नगरीय निकाय शामिल हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, निगम आयुक्तों, सीएमओ, स्वच्छता दीदियों और सफाईकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सभी के समर्पण और मेहनत का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि हाल ही में जशपुर जिले के दौरे के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जिले के पांचों नगरीय निकायों ने स्वच्छता रैंकिंग में अभूतपूर्व छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दो दिन पहले उन्होंने जशपुर में स्वच्छता दीदियों और कर्मियों को स्वयं सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में एक सकारात्मक वातावरण बना है और हमारी सरकार ने जिस निष्ठा एवं संकल्प के साथ स्वच्छ भारत मिशन को लागू किया है, उसका परिणाम आज देश के सामने है। इस अवसर पर विकास मरकाम, नवीन मार्कण्डेय, अमित चिमनानी, हर्षिता पांडे, अमित साहू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे 400 नए बीएसएनएल टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिए 400 नए बीएसएनएल टॉवर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। यह जानकारी ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने रविवार को रायपुर में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दी।

डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि इन टॉवर की स्थापना के लिए सुरक्षाबलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया, "बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।"



### योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष

डॉ. चंद्रशेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं।

### महिला सशक्तिकरण के लिए नवाचार

राज्यमंत्री ने स्वसहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को स्वामित्व वाले पिंक ऑटो प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है। "उन्होंने कहा कि स्वसहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### नक्सल क्षेत्रों में विशेष पहल

डॉ. चंद्रशेखर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को "मिशन मोड" में लागू किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सेवाएं घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि "इन क्षेत्रों में विद्यालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे छात्रों को अब जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है। साथ ही दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जो एक संवेदनशील और समावेशी पहल है।"

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहीं सरकारी योजनाएं

अपने संबोधन के अंत में डॉ. चंद्रशेखर ने कहा, "प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब समाज के अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुंच रही हैं। वंचित, आदिवासी और दुर्गम क्षेत्रों में भी अब तेज विकास और परिवर्तन देखा जा रहा है।"उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि डिजिटल, भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे को एकीकृत रूप से मजबूत कर 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारा जाए।

### शहीद जवानों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक नया प्रयास फाउंडेशन द्वारा वीर शहीद जवानों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम राजमाता अहिल्याबाई होल्कर चौक, राजातालाब में किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में फाउंडेशन के अध्यक्ष अनूप खेलकर, सचिव संजय कश्यप, सुधीर चौबे, दिलीप धनकर, मनीष सेन, डोमेन वर्मा, गणेश निर्मलकर, वीरमणि चौबे, कुलेश्वर धुरंधर, योगेश साहू, कुलविंदर सिंह हुंजन, मीना सेन, वंदना सेन, प्रभात मिश्रा, अश्वनी प्रभाकर, चंद्रप्रकाश प्रजापति, शब्बीर हुसैन, आर्यन मिश्रा सहित अन्य नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार भागवत प्रसाद देवांगन, पिता- संतराम देवांगन, निवासी- ग्राम कोरासी, थाना खरोरा, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. हाल मुकाम तुलसी नगर, गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार व जानकारी उपलब्ध दस्तावेजो व निर्देशानुसार एम. नागेश्वर राव पिता एम. रामू निवास पता - खमतराई (नगर निगम जोन कार्यालय के पास) श्यमशान घाट रोड, जग्गु कालोनी, पो. डब्ल्यू.आर.एस. कालोनी, रायपुर छ.ग. व्यवसाय पता- मंशा एसोसिएट्स, गोंदवारा रायपुर (पुराना रेलवे फाटक के पास, भनपुरी रोड) रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मो. नं.- 7987999784 को इस समाचार पत्र के माध्यम से आप नोटिसी को सूचित किया जाता है कि :-

1- यह कि, मेरा पक्षकार एवं आपके मध्य अच्छी जान पहचान व घनिष्ठता होने के कारण अच्छे संबंध है इसी संबंधो के चलते आपने अपने आवश्यक घर आवश्यकता के कारण आपको रकम की आवश्यकता हुई है जिसे आपने मेरे पक्षकार से दिनांक 26/10/2024 को रूपये 1,00,000/- (अक्षरी एक लाख रूपये) हाथ-उधारी स्वरूप फोन पे (ऑनलाईन) प्राप्त किया था।

2- यह कि, मेरे पक्षकार से उधार स्वरूप ली गई राशि को वापस मांग किये जाने पर आपके द्वारा चेक क्र. 004505 बैंक यूनियन बैंक शाखा सड्डू विधानसभा रोड, रायपुर छ.ग. का एक चेक दिनांक . 24/02/2025 का आप नोटिसी के द्वारा अपना हस्ताक्षरित चेक प्रदान किया गया है।

3- यह कि, आप नोटिसी के द्वारा प्रदत्त उक्त चेक को भुगतान प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा अपने बैंकर्स एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा भैसा (बलौदाबाजार रोड), तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. को दिनांक 27/03/2025 को प्रस्तुत करने पर उक्त चेक आप नोटिसी के बैंकर्स को समासोधन हेतु प्रेषित करने पर समाशोधन पश्चात बैंक द्वारा दिनांक 29/03/2025 को उल्लेखित राशि में की गई व्यवस्था से अधिक होने के कारण भुगतान नही हो सकने की सूचना FUNDS INSUFFICIENT टिप के साथ चेक का रिटर्न मेमो दिनांक 29/03/2025 के माध्यम से दी गई, जिसकी सूचना आप नोटिसी को व्यक्तिगत रूप से एवं सेलफोन के माध्यम से आपको मेरे पक्षकार द्वारा दी गई है। आप नोटिसी के द्वारा उक्त चेक को पुनः भुगतान हेतु मेरे पक्षकार को बैंक में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। इसके पश्चात भी पुनः आप नोटिसी का चेक बैंकर्स द्वारा दिनांक 01/05/2025 को FUNDS INSUFFICIENT टीप के साथ बिना नगदीकरण मेरे पक्षकार को उक्तानुसार टीप के साथ चेक प्राप्त हुआ है।

4- यह कि, आपके द्वारा भुगतान हेतु प्रदत्त चेक से मेरे पक्षकार को भुगतान प्राप्त नही हुआ है । आप नोटिसी के द्वारा प्रदत्त उक्त चेक अनादरित हुआ है। आपको आपके खाते में राशि पर्याप्त नही होने की जानकारी होने के बावजूद भी आपने दुराशय पूर्वक जानबूझकर मेरे पक्षकार के साथ छल एवं धोखाधड़ी करने की दुर्भावना से उक्त चेक पर अपना हस्ताक्षर कर मेरे पक्षकार को प्रदान किया है। आप नोटिसी का उक्तानुसार कृत्य धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम के तहत एवं भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दंडनिय अपराधिक कृत्य है। उक्त के संबंध में आप नोटिसी को मेरे पक्षकार द्वारा विधिक सूचना पत्र दिनांक 13/05/2025 को आपके निवास पते पर एवं व्यवसायिक पता दुकान पर पंजीकृत डाक से प्रेषित किया गया था, किन्तु आपके द्वारा जानबूझकर उक्त नोटिस प्राप्त नही किया गया है व उक्त नोटिसी की तामिली से बचने का प्रयास किया गया है।

अतः एतद द्वारा आप नोटिसी को सूचित किया जाता है कि इस आम सूचना पत्र प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर आप नोटिसी मेरे पक्षकार को उक्त चेक में उल्लेखित देय राशि अदा कर पावती प्राप्त कर लेवे अन्यथा विहित अवधि अवसान के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा आपके विरूद्ध सक्षम दाण्डिक न्यायालय में अंतर्गत धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम का परिवाद पत्र प्रस्तुत किया जायेगा जिसमें मेरे पक्षकार को होने वाले समस्त व्यय एवं परिणामो के उत्तरदायी आप स्वयं होंगे। साथ ही इस नोटिस का व्यय 5000/- अक्षरी पांच हजार रूपये भी मेरे पक्षकार को आपके द्वारा देय रहेगा।

सो सूचना जाने व ताकिद हो ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 26/07/2025

भवदीय
विश्वनाथ कर (अधिवक्ता)
पता- शीतला चौक, डंगनिया, पोस्ट आफिस सुन्दर नगर, रायपुर तहसील व रायपुर छ.ग.
मो.नं.- 9229933692, 9669992444

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर- 08 शंकरनगर, तहसील - रायपुर जिला - रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 08/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कौशिल्या नायडू पिता श्री गोस्वामी निवासी बैजनाथ पारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकर नगर प.ह.नं.- 63 राजस्व निरीक्षक मंण्डल रायपुर-08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1202/10, 1202/11, 1202/13 रकबा क्रमशः 0.0140 हे, 0.0180 हे., 0.0280 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28/5/2025 के परिपालन में दिनांक 28/07/2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के शंकर नगर स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरिक्षक
रायपुर-8

**आम सूचना**

दिनांक 28/07/ 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता श्रीमती सीमा सिंह राठौर पति श्री बुद्धसेन सिंह राठौर निवासी- मकान नंबर ए-3 पीयूप कॉलोनी एक्सिस बैंक ए.टी.एम. के पास अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एंव अधिपत्य की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की दीनदयाल आवास योजना सेजबहार रायपुर अंतर्गत वाके मौजा सेजबहार प.ह.नं. 82 रा. नि. मं. रायपुर - 18 - कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 162/173 भवन / भूखण्ड क्रमांक LIG - 1047, क्षेत्रफल 0.0084 हेक्टेयर याने 899.75 वर्गफुट है उक्त भूमि में भूतल में लगभग 452 वर्गफुट में पक्का लेंटर वाला कालम वाला मकान निर्मित है शेप खुला है को कय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर ब्याने की राशि अदा किया जा चुका है उक्त भूमि के विक्रय विलेख निष्पादन एंव पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उपर वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय या अर्द्धशासकीय, संस्थाएं, निकाय, बैंक, साहूकार, आदि को किसी भी प्रकार से उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित आपत्ति 03 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में उपर वर्णित भूमि का विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत उजर दावा या आपत्ति अवैध एंव प्रभावशून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

अतः सूचना जानें ।

रायपुर
दिनांक 28/07/2025

भवदीय
एम.के. जागड़े अधिवक्ता
कार्यालय मकान नं. -6 प्लेटिनम अशोका रत्न कालोनी व्ही.आई.पी. स्टेट शंकर नगर रायपुर छ.ग.
मोबा. : - 7987413159, 9926528524

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा

डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेजर व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410

लेजर पाईल्स क्योर
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी

श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बड़ी झाड़ी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नारायण मित्र मंडली ने किया हवन एवं भंडारा



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के लक्ष्मी नारायण मित्र मंडली द्वारा सावन मास में यज्ञ हवन एवं विशाल भंडारे का किया आयोजन। तिल्दा नेवरा के लक्ष्मी नारायण मित्र मंडली द्वारा सावन मास के अवसर पर आज रविवार को यज्ञ हवन कराया गया , तत्पश्चाप विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां पर भंडारे में हजारों लोगों को भोजन स्वरूपी प्रसादी दिया गया, इसी अवसर पर समिति के समस्त सदस्य, पदाधिकारी उपस्थित हुए। साथ यहां पर बता दें की लक्ष्मी नारायण मित्र मंडली युवाओं की एक टीम है जो ऐसे कार्यों में सदैव तत्पर रहती है और आए दिन इस तरह के कार्य इनके द्वारा किया जाता है।

### मारपीट के आरोप में सुंगेरा सरपंच समेत 3 रिमांड पर

**धरसींवा।** थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुंगेरा में महेन्द्रा स्पंज के द्वारा लखना एनिकट जो खारून नदी पर है पाईप लाईन बिछाने का कार्य चलने से ड्युटी पर तैनात पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं कार्य कर रहे कर्मचारियों को पाईप लाईन नही बिछाने देंगे कहकर सुंगेरा के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा मारपीट किये जाने से सरपंच एवं अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 346/2024 धारा 342, 294, 323, 506, 186, 332, 353, 147, 148 भादवि. कायम किया गया था। लंबे समय से फरार चल रहे सुंगेरा गांव के सरपंच एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना से ताल्लुक रखने वाले तारणदास साहू पिता स्व. टीकाराम साहू एवं ताकेश्वर उर्फ तारकेश्वर साहू पिता परस राम साहू और बिसंभर यादव पिता स्व. लतेल यादव (तीनों) को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### आज से तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का आंदोलन

**तिल्दा नेवरा।** संसाधन नहीं तो काम नहीं के सिद्धांत पर छत्तीसगढ़ के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार 28 को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन और 29 को संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन और 30 जुलाई को प्रांत स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य मांगों में शामिल है : डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति के अनुपात को पूर्व की भांति 50:50 करना। पूर्व मांग व घोषणा अनुसार नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित करना। प्रत्येक तहसील में स्थायी स्टाफ, शासकीय वाहन, ड्राइवर एवं ईंधन की उपलब्धता न्यायिक मामलों में न्यायिक अधिकारी संरक्षण अधिनियम का अनुपालन सुरक्षा सहित सम्पूर्ण 17 सूत्रीय मांगें पर पहल । संघ को आशा है कि शासन इस गंभीर स्थिति को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा ताकि भविष्य में आंदोलन की तीव्रता व आंदोलन को अनिश्चितकालीन की ओर अग्रसता से टाला जा सके।

### दिव्यांग संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

**आरंग।** सर्वजन दिव्यांग संघ छत्तीसगढ़ की बैठक रविवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें आरंग ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों मे अध्यक्ष शकुंतला साहू, उपाध्यक्ष नरेंद्र गिलहरे, सचिव वासुदेव निषाद, सह सचिव सत्यवती बघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार खेलवार, मुख्य सलाहकार एवं मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा, संरक्षक श्यामा साहू, महिला संयोजक गायत्री साहू बने।

## निधन

### मुन्ना राम चंद्राकर

**आरंग।** ग्राम फरफौद निवासी दाऊ मुन्ना राम चन्द्राकर का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। वे नेमीन बाई चन्द्राकर के पति, केशर बाई चन्द्राकर के पुत्र व चंद्रकांत, मनीष चन्द्राकर के पिता थे। उनकी शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लेकर मृतात्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# सावन सुंदरी महोत्सव में राधा-कृष्ण की मनोहर झांकी ने किया आकर्षित

**केशरवानी समाज के आयोजन में सृष्टि और कंचन प्रथम रहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

केशरवानी समाज तिल्दा द्वारा सावन महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया हर वर्ष इस वर्ष भी केशरवानी समाज द्वारा सावन सुंदरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें विविध प्रकार के कार्यक्रम रखे गए सर्वप्रथम अतिथि के रूप में भाटापारा से महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती बबीता केसरवानी, श्रीमती कंचन केसरवानी श्रीमती सोनम केसरवानी सहित तिल्दा महिला अध्यक्ष सुधा केसरवानी सचिव श्वेता केसरवानी सहित समाज की सभी महिलाओं ने हमारे आराध्य महर्षि कश्यप मुनि जी की पूजा अर्चना कर सभी महिलाएं श्रवण सुंदरी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सावन क्वीन सुंदरी सृष्टि केसरवानी और सावन सुंदरी श्रीमती प्रथम कंचन



केसरवानी , दूसरा स्थान श्वेता केसरवानी को चुना गया।

### विविध कार्यक्रम हुए

वहीं समाज की महिलाओं द्वारा, राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी, सुमन केसरवानी ग्रुप नृत्य, एकल नृत्य में सृष्टि कंचन अस्मिता राधिका नेहा सहित महिलाओं भाग लिया वही 1 मिनिट गेम्स हो बैलून को हवा में उड़ना उसके पश्चात, फैशन का जलवा, मैं वर्षा, साक्षी केसरवानी कंचन केसरवानी सृष्टि केसरवानी स्मिता राधिका नेहा सहित महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का आनंद उठाया उसके पश्चात सभी प्रसाद ग्रहण कर केसवानी महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती सुधा केसरवानी सभी सामाजिक महिलाओं को धन्यवाद दिया वह इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जो सहयोग दिया उसके लिए धन्यवाद दी। केशरवानी समाज के अध्यक्ष महेश केसरवानी ने महिला प्रधान इस कार्यक्रम की सराहना की और सभी को सावन मास की बधाइयां शुभकामनाएं दी।आए हुए अतिथियों को विदा कर यह कार्यक्रम केसरवानी मंगल भवन में संपन्न हुआ।

**मौसम : पहली बार लई-चोपी में धान की बोआई की पर पानी नहीं गिरा**

# अल्प व भारी वर्षा से खेती हुई चौपट किसान बर्बाद, फौरन राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

मंदिरहसौद क्षेत्र के किसानों के लिए इस वर्ष की खेती ने दुखद अनुभव छोड़ दिया हैं। लगातार बदलते मौसम, अनियमित वर्षा और खेतों में जलभराव ने धान की फसल को तबाह कर दिया है। मंदिरहसौद के किसान संतोष बंजारे ने मीडिया से बात करते हुए अपना दर्द बयां किया कि किस तरह उनकी मेहनत और उम्मीदें दोनों बार तबाह हो गईं। संतोष बंजारे बताते हैं, पहली बार हमने लेई चोपी से धान बुआई की थी, बिना किसी बारिश समय पर नहीं हुई, और जो कुछ फसल उगने लगी थी, वह सूखकर नष्ट हो गई। उन्होंने आगे कहा कि जैसे-तैसे दोबारा मेहनत करके फिर बुआई की, लेकिन इस बार तेज बारिश और खेतों में भरे पानी ने सब कुछ डुबो दिया।

- दुबारा बोआई की वह भारी पानी के भेंट चढ़ गया
- दोबार बोआई से कृषि लागत में वृद्धि से किसान कर्ज में डूबे



अब खेतों में सिर्फ पानी और बर्बादी का मंजर है। किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहराती जा रही हैं। संतोष बंजारे ने कहा, हम तो अब कर्ज में डूबते जा रहे हैं। न बीज का खर्च निकला, न खाद का। और अब दूसरी बार भी फसल खराब हो गई तो जीने की आस भी डगमगा रही है। क्षेत्र के अन्य किसान शैलेन्द्र सिन्हा ने बताया कि उनकी खेतो में लबालब पानी भरा हुआ जिससे चिंतित किसान ने कहा कि आने वाले समय मे क्या होगा बता नही सकते किसान दुकालू बंजारे ने कहा अपने खेत मे तालाब जैसे पानी भरा खेत को देखते हुए कुछ भी नही बोल पाया लेकिन उनकी आंखें मन की बाते बता रही थी और भी अन्य किसान इसी तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं।

### प्रशासन तत्काल राहत पहुंचाए

*स्थानीय प्रशासन और कृषि विभाग से किसानों ने मांग की है कि उन्हें तत्काल राहत दी जाए, फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा मिले और अगली फसल के लिए बीज व खाद की सहायता दी जाए। मंदिरहसौद क्षेत्र में सैकड़ों किसान ऐसे हैं जो इस दोहरी बर्बादी से टूट चुके हैं। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। किसान संतोष बंजारे, शैलेन्द्र सिन्हा, दुकालू बंजारे सहित अनेक किसानों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि वे किसानों के जमीनी हालात को समझें और जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित सहायता राशि दिलाएं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले ये किसान फिर से अपने पैरों पर खड़े हो सकें। यह न केवल एक किसान की कहानी है, बल्कि उन हजारों खेतिहरों की पुकार है जो प्रकृति और व्यवस्था दोनों के बीच पिसते चले जा रहे हैं।*

# ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री में हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** रविवार को ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री में के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी राजू भाई तारवानी को पदभार शपथ ग्रहण क्षेत्र के विधायक माननीय इंद्रकुमार साहू द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में आसपास गावे के सभी किसान बंधु, अभनपुर क्षेत्र के सहकारी समिति के सभी प्राधिकृत अधिकारी, भाजपा मण्डल अभनपुर के सभी पदाधिकारी गण, सभी सरंपच, पंचगण बडी संख्या में विराजमान रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग उपरवारा संचालक ओम धीवर की शानदार प्रस्तुति रही ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा किसान कुटी बनाने के लिए 13 लाख रूपये की घोषणा कि गईं। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, चन्द्रशेखर साहू पूर्व मंत्री, अशोक बजाज पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, भरत बैस अध्यक्ष भाजपा मण्डल अभनपुर अनिल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष भाजपा मण्डल अमपुर गौरव शर्मा, खेळूराम साहू उपाध्यक्ष अनपद पंचायत अभनपुर, अन्नू तारक जिला पंचायत सभापति रामपुर संतराम साहू सभापति जनपद पंचायत अभनपुर चंचल राजादीवान सभापति जनपद पंचायत अभनपुर सूख साहू नेतराम साहू, सरपंच केंद्री नेतराम साहू, प्रदीप शर्मा, राघुवेन्द साहू, आनंद राम साहू, ललित साहू, पोखन साहू गणेश साहु, कामता साहू, तुलसी एम साहू बुदेकर साहू, टेकचंद साहू, संतोष साहू, रोहित कुरे, भागीरथी काले। सरपंच भेलवाडीह हेमातुला पाण्डे, तारिणी गुलेन्द्र साहू, खुबलाल साह, शारदा राघवेन्द्र साहू, शिवम साहू हरिशंकर यादव सहकारी समिति केन्द्री व्यवस्थापक, योगेन्द्र साहू की मनीष निर्मलकर रोहित साहू, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कठिया शाला में मनाया गया सावन महोत्सव

**तिल्दा नेवरा।** प्राथमिक शाला कठिया नंबर एक की प्रधान अध्यापिका श्रीमती रीता सेन के द्वारा एक नई पहल की गई ।ग्रामीण महिलाओं को शाला परिवार में जोड़ने एवं उन्हे जाकरुक बनाने के लिए सावन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुविधा सिंह एवं डिलेश्वरी यादव शामिल रही इन्होंने विकलांग बच्चों को शासन के द्वारा प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के बारे में मताओ को जानकारी दी साथ ही साथ प्रशासन के द्वारा व्हीलचेयर ,बैग सीट कवर भी विकलांग बच्चों को प्रदान किया गया ।सावन



महोत्सव के इस कार्यक्रम में माताओ ने विभिन्न तरह के खेलो का भी आनंद लिया और शाला के विकास कार्यो मे सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वासन प्रधान किया। इस कार्यक्रम में शाला के शिक्षक श्री जनक राम वर्मा ,श्री कृष्ण कुमार सेन श्री अनिल पैकरा श्री दिलीप वर्मा एवं श्री अमर दास मीरी सर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## निजी विवि के छात्रों ने छल किया जा रहा

**धरसींवा।** संजय ठाकुर ने शासन से मांग की है कि वे निजी विश्वविद्यालयों के लिये बने विनियामक आयोग के कार्यों की समीक्षा करे। कहीं ऐसा तो नहीं की आयोग की कर्तव्यहीनता का शिकार निर्दोष विद्यार्थी हो रहे हों। संजय ठाकुर ने कहा की निजी विवि विनियामक आयोग ने हाल ही में अपनी वेब साईड पर पांच बिंदुओ पर छात्रों के लिये मार्गदर्शन पत्र जारी कर कहा है कि उनके द्वारा बताये गये बिंदुओं पर जांच करने के बाद ही निजि विवि में एडमिशन लें। अगर बिना जांचे एडमिशन ले लिया तो जवाबदारी आयोग की नहीं होगी। उन्होंने कहा की अचरज की बात है की निजी वि वि के बेलगाम रवैये से बचाने की जो जवाबदारी आयोग की होनी चाहिये उससे वह बचते हुए छात्रों के उपर डाल रहा है कि स्वयं बचो। यह आयोग की कर्तव्य हीनता ही माना जायेगा।

# दिनदहाड़े उठाईगिरी की, 24 घंटे में दो शातिर न्यायिक रिमांड पर

**धरसींवा।** औद्योगिक क्षेत्र सांकरा में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसते हुए सिलतरा पुलिस चौकी ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी का परिचय दिया है। दिनदहाड़े उठाईगीरी की घटना को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए पुलिस ने दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपी को भी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस त्वरित और निर्णायक कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद जग गई है, साथ ही नए चौकी प्रभारी की अपराधियों पर शिकंजा कसने की नीति भी साफ दिखाई दे रही है।

**क्या थी घटना**–यह घटना ग्राम सांकरा में 'माय बेस्ट डील' पर खत्री मसाले के सेल्समैन के साथ हुई उठाईगीरी से संबंधित है। सेल्समैन ने अपनी दुकानों से प्राप्त भुगतान की गई नकदी को अपनी गाड़ी के बॉक्स में रखा था। लेनदेन के दौरान कुछ चोरों की नजर इस नकदी पर पड़ गई। जैसे ही सेल्समैन गाड़ी से उतरकर दुकान में दाखिल हुआ और उसकी गाड़ी से नजर हटी, शातिर चोरों ने मौका पाकर नकदी पार कर दी। सेल्समैन को तुरंत आभास हुआ और उसने चोरों का पीछा करते हुए उन्हें पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, वह कुछ ही नकदी वापस पा सका और चोर हाथ छुड़ाकर भागने में सफल रहे।



**पुलिस की तत्परता और अपराधियों की पहचान**– सेल्समैन की शिकायत पर सिलतरा पुलिस चौकी ने बिना समय गंवाए तत्काल कार्रवाई शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिससे चोरों की पहचान करना संभव हो सका। फुटेज के आधार पर सेल्समैन ने चोरों को पहचान लिया, जो गांव के ही आदतन अपराधी थे। थाना धरसीवां के पुलिस चौकी सिलतरा ने अपराध क्रमांक 353/25, धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत अर्जुन कुर्रे (18) और राहुल बारले (19)को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अतिरिक्त, मामले में शामिल आरोपियों को भी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**पुलिस कार्रवाई लगातार जारी**– चौकी प्रभारी राजेंद्र कंवर ने कहा कि आपराध पर अंकुश लगाने हरसंभव कार्रवाई की जा रही है। जनता में विश्वास बहाली और शांति के चिन्हांकित स्थलों पर लगातार निगरानी जारी है।

# ओवरलोड वाहन से सड़कें तोड़ रही दम, लोग परेशान पर निराकरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

औद्योगिक इकाइयों के ओवर लोड वाहन धरसीवा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण सड़को की जान ले रहे हैं साथ ग्रामीणों की जान को भी ये खतरा बने हुए हैं। जानकारी के मुताबिक चरोदा से टाडा मोहदी दौंदे प्रधानमंत्री सड़क सांकरा से पठारीडीह पीएम सड़क एवं सिलयारी क्षेत्र की पीएम सड़को की क्षमता बारह टन है साथ ही पीडब्ल्यूडी की सड़को की क्षमता इससे थोड़ी अधिक है लेकिन उन पर तीस से चालीस टन वजनी मालवाहक औद्योगिक इकाइयों का माल लेकर निरंतर गुजरते हैं इस कारण इन सड़को की बहुत कम समय में जान निकल रही है। सूत्रों की माने तो औद्योगिक इकाइयां ट्रांसपोर्टरों को टन के हिसाब से पेमेट करती है इसलिए वह अपने मालवाक वाहनों में तीन चार चक्कर का माल एक ही बार में लोड करके फैक्ट्रियों में पहुंचाते

- टन के हिसाब से पेमेंट के चक्कर में करते हैं ओवर लोड

### कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने टी आई धरसीवा राजेंद्र दीवान से मांग की है कि सिलयारी कुथरेल तिल्दा मार्ग पर औद्योगिक इकाइयों का सड़क की क्षमता से अधिक माल ले जाने वाले मालवाहक वाहनों पर सिर्फ चालान नहीं बल्कि जप्ती की कार्यवाही करें ताकि ओवर लोड वाले चलना बंद हों और ग्रामीण सुख शांति से रहे ।



### सिलयारी क्षेत्र में हालत ज्यादा खराब

*क्षेत्र में सबसे अधिक ग्रामीण सड़को की दयनीय स्थिति सिलयारी कुरूद किरणा हालात कुथरेल आदि गांवों के आसपास है जिसका कारण है धरसीवां से तिल्दा तक सड़क किनारे स्थित कुछ बड़ी औद्योगिक इकाईयां हैं जिनका माल मालगाड़ियों से उतरकर इन फैक्ट्रियां तक जाता है ट्रांसपोर्टर चाहें तो अंडर लोड वाहन भी चला सकते हैं लेकिन इससे उन्हें एक दो की जगह कई चक्कर लगाना पड़ेंगे इसीलिए वह सड़क की क्षमता से कई गुना अधिक माल लोड कर औद्योगिक इकाइयों में ले जाते है*

### कई बार टले बड़े हादसे

*सिलयारी से कुथरेल व तिल्दा मार्ग पर स्थित उद्योगों में ओवर लोड माल ले जाते ट्रेलरों से कई बार लोहे के भारी भरकर बंडल सड़को पर गिरने से बड़े हादसे होते होते टल चुके है एवं ओवर लोड मालवाहक भी अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर चुके हैं बाबजूद इसके ओवर लोडिंग का सिलसिला जारी है यदि सड़क के क्षमता के अनुरूप लोनिवि सड़क पर करीब बीस टन ओर पीएम सड़क पर सिर्फ बारह टन वजनी मालवाहक निकले तो न तो कोई दुर्घटना होगी न ही सड़को की समय से पहले जान निकलेगी*

# आठ हजार की अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना पर थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकोली ओव्हरब्रीज के नीचे अवैध रूप से शराब रख बिक्री कर रहे एक युवक को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने की दिए गए निर्देश पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम दुर्गेश यादव निवासी रायपुर का होना बताया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर युवक द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों



द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 60 पौवा देशी शराब तथा बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 8,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 421/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

पेज 11 के शेष...

**खारुन लबालब, एनीकट...**
खपत हो रही है। नदी के पानी में छोटे-छोटे जलीय जीव भी बारिश के साथ आ रहे हैं। ये इतने सूक्ष्म रहते हैं कि आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी का पानी एनीकट से ओवरफ्लो होकर बह रहा है। पानी की टर्बिडिटी जो पहले 200 पीपीएम रही, वह अब बढ़कर 600 पीपीएम हो गई है। पानी में मौजूद गाद, कीचड़, शैवाल या अन्य कार्बनिक पदार्थों के कारण टर्बिडिटी बढ़ी है। इसलिए नगर निगम का जल विभाग पानी के शुद्धिकरण में विशेष सावधानी बरत रहा है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि कि लगातार मानसूनी बारिश के कारण पानी का मटमैलापन रविवार को 600 पीपीएम तक चला गया है। इसी तरह रॉ वाटर को शुद्ध करने प्रतिदिन 12.50 टन एलम की जरूरत पड़ रही है। प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले पानी में अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा है, इसे देखते हुए फिल्टर बेड की 2 बार सफाई करानी पड़ रही है। यह स्थिति अक्टूबर माह तक रहेगी।

**फिल्टर बेड की दिन...**
स्त्रोतों से मिलने वाले रॉ वाटर में भारी मात्रा में मिट्टी सहित जलीय अशुद्धि फिल्टर बेड में जमा होती रहती है। यही वजह है कि फिल्टर बेड की सफाई 24 घंटे में 2 बार करनी पड़ रही है।

**आफिस टूटा, 18 तक...**
तोमर परिवार की दो महिलाएं और भतीजा भी जेल में : तोमर भाइयों के खिलाफ पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई में पुलिस ने वीरेंद्र तोमर की पत्नी, भतीजे दिव्यांश तोमर तथा रोहित की पत्नी को एक्सटार्सन तथा जबरन वसूली के आरोप में 11 दिन पूर्व गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, तोमर परिवार से जुड़े सभी लोग सूदखोरी के साथ जबरन वसूली में लिप्त थे।

**खाद दुकानों में...**
औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान वहां से डीएपी का नमूना लेकर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसी तरह धरसींवा ग्राम गिरौद के मेसर्स मधु फर्टिलाइजर (कृष्णा गोदाम) में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत उर्वरक की गुणवत्ता और खरीदी-बिक्री में अनियमितता के मामले में 21 दिन तक बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहां से एसएसपी (पाउडर)-2, जिंककेटेड अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट-1, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट-1, यूरिया एसएसपी-1 के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगाशाला भेजा गया है। जांच टीम में केंद्रीय स्तर पर रीजनल क्वालिटी कंट्रोल मुंबई के उपसंचालक अजय कुमार, केमिकल एंड फर्टिलाइजर मंत्रालय दिल्ली के अंडर सेक्रेटरी एवं राज्य स्तर के प्रतिनिधियों में डॉ. सुमित सोरी, स्मृति कोल्हे ठाकुर सहायक संचालक कृषि, अंजनी साहू, पीके शर्मा, मानस चौधरी उर्वरक निरीक्षक शामिल थे।

**संसाधन नहीं तो...**
संभाग स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर 30 जुलाई को सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के चौथे चरण में शासन द्वारा मांगों के संबंध में पहल नहीं किए जाने पर अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्हार का निर्णय लिया जा सकता है।

**बारिश के मौसम में...**
जाती है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या कम हो गई है, इसका अंदाजा उनके किराये से लगाया जा सकता है। गर्मी के मौसम में दिल्ली तक सफर करने के लिए यात्रियों को 18 से 20 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। इसके साथ ही मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु सहित अन्य शहरों का एयर फेयर भी काफी अधिक रहता है। बारिश की पीक आने के बाद अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो चुकी है और यात्रियों को चौबीस घंटे पहले भी टिकट सामान्य कीमत पर मिल रहा है। अभी दिल्ली मुंबई की यात्रा दस हजार से कम खर्च में पूरी की जा सकती है।

**तहसीलदार, मंदिर हसौद**
मामले की श्रेणीः राजस्व
**संदर्भ :-** जिला - रायपुर तहसील मंदिर हसौद प.ह.न. - 00015 नवागांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440203300011

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम नवागांव के वर्तमान भूमिस्वामी शोरसिंग रात्रे पिता/पति जगदेव पता- नवागांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 53(0.8500), 83(0.3800), 84(0.1400), 86/2(0.0600), 311(0.1100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शबनम पिता/पति स्व. शोर सिंह पता - म. नं. 115, नवागांव, तहसील - मंदिर हसौद, जिला-रायपुर, सोनम पिता/पति स्व.शोर सिंह पता - म. नं. 115, नवागांव, तहसील - मंदिर हसौद, जिला - रायपुर, भवानी शंकर पिता/पति स्व.शोर सिंह पता - म.नं.115, नवागांव, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर, हेमिन पिता/पति स्व. शोर सिंह पता - म. नं. 115, नवागांव, तहसील-मंदिर हसौद, जिला - रायपुर, बलवंत पिता/पति स्व. शोर सिंह पता - म. नं. 115, नवागांव, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार Vinod kumar sahu
मंदिर हसौद

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज आज निकालेगा कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज द्वारा 28 जुलाई को कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस कांवड़ यात्रा की तैयारी के लिए समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिवरतन गुप्ता के ऑफिस में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया कि 28 जुलाई सुबह 9 बजे कांवड़ यात्रा को शुभारंभ होगा, जो टाटीबंध-हीरापुर स्थित सूर्य मंदिर छुईया छठ तालाब से प्रारंभ होगी और आमानाका, महोबा बाजार, लाखेनगर, रिंगरोड, रायपुरा चौक होते हुए बाबा हाटकेश्वरनाथ के मंदिर पहुंचकर जल अर्पित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कांवड़ यात्रा में टाटीबंध, हीरापुर, भनपुरी, सिलतरा एवं रायपुर शहर के शौण्डिक समाज के सनातनी शिवभक्त परिवार के अलावा समाज के संयोजक श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, सुभाष साहू, परमानंद प्रसाद गुप्ता, चंदन शाह, धरमवीर मंडल, मृत्युंजय शाह, जयराम साय एवं प्रदेशाध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

### सीजी स्टेट एनुअल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस- 2025 आयोजित



**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के रायपुर चैप्टर द्वारा पंडरी स्थित एक निजी होटल में आयोजित सीजी स्टेट एनुअल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस- 2025 ऐतिहासिक सफलता के साथ समापन हुआ। इस वर्ष का विषय लक्ष्य- भविष्य के गवर्नेंस प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाना रहा। इस सम्मेलन में 170 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनुभवी प्रोफेशनल्स द्वारा लिए गए प्रेरणादायक सत्रों, करियर मार्गदर्शन, एप्जाम प्रिपरेशन, क्विज प्रतियोगिता व मनोरंजक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को नई दिशा दी। आईसीएसआई रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष सीएस शुभम काकानी ने बताया कि यह अब तक की सबसे बड़ी और प्रभावशाली स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस रही, जिसने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और स्पष्ट लक्ष्य का संचार किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और स्वयंसेवकों का आभार प्रकट किया।

## निधन

### दिवाकर श्रीवास्तव



**रायपुर।** पिरदा शासकीय स्कूल में प्रधान पाठक दिवाकर श्रीवास्तव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में 28 जुलाई को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। वे क्षमा श्रीवास्तव के पति एवं अंशुल व सौम्या श्रीवास्तव के पिता थे।

### किशोर दुल्हानी



**रायपुर।** दिव्य कॉलोनी अमलीडीह निवासी किशोर दुल्हानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आकाश, मनीष दुल्हानी के पिता थे।

### प्रतीक्षा तिवारी



**रायपुर।** लिली चौक पुरानी बस्ती निवासी प्रतीक्षा तिवारी (29) का 27 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अभिषेक तिवारी की धर्मपत्नी, पं. राधेश्याम तिवारी, दउवा तिवारी की बहू, प्रदीप शर्मा और संगीता शर्मा की पुत्री, गौरव शर्मा की बहन थीं।

### ज्योति तोतलानी



**रायपुर।** देवपुरी कृष्णपुरी रोड निवासी ज्योति तोतलानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जुलाई को सुबह 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पुरुषोत्तम दास तोतलानी की पत्नी और विजय तोतलानी की माता थीं।

# नगरीय निकायों में गबन के 656 मामले, 2 करोड़ 19 लाख से अधिक राशि गायब

## राज्य संपरीक्षा विभाग की जांच से सामने आए मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों में वित्तीय गड़बड़ियों के मामले आडिट में सामने आए हैं। खास बात ये है कि इस तरह के 656 मामले सामने आए हैं। वर्ष 2024 मार्च की स्थिति में 82 लाख के गबन के दो मामले पकड़े जा चुके हैं। इन मामलों में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उनसे राशि वसूल करने की अनुशंसा की गई है।

### वित्तीय अनुशासन के लिए ये सही नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि निकाय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों से वसूली एवं वैधानिक कार्यवाही प्रावधानित है, किंतु कार्यवाही नहीं किए जाने से 31 मार्च 2023 की स्थिति में राज्य के नगरीय निकायों में संपरीक्षा के द्वारा प्रकाश में लाए गए 656 गबन प्रकरणों में कुल राशि 2 करोड़ 19 लाख 47 हजार 791 रुपए निराकरण हेतु शेष थे, जो कि वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से उचित नहीं है।



### पांच साल में सामने आए गबन के मामले

राज्य संपरीक्षा विभाग ने वर्ष 2018-19 से लेकर 2023 तक पांच साल में आडिट किए गए मामलों के संबंध में जानकारी दी है कि इस दौरान निगम, पालिका और नगर पंचायतों में कुल 55 मामले सामने आए हैं। इनमें निगमों में 10, पालिकाओं में 19 और नगर पंचायतों के 26 मामले हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच गबन के दो मामलों में 81 लाख 977 हजार रुपए गायब हुए हैं।

राज्य संपरीक्षा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिवेदन अवधि के दौरान यह पाया गया कि इन निकायों को विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली या वसूल की जाने वाली राशि निकाय के लेखे में नहीं लाई गई है।

संपरीक्षा में यह पाया गया कि निकाय के कोष से आहरित राशि को लेखे में नहीं लिया गया अथवा राशि को विलंब से निकाय निधि में जमा किया, जिससे निकाय को ब्याज की हानि हुई है। ऐसी स्थितियां गबन की श्रेणी में आती हैं तथा इस पर कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा नियम, 1974 के नियम 20 के तहत की जाती है।

## खारंग, खपरी, मनियारी, घोंघा, छीरपानी, झुमका और खम्हारपाकुट, रूसे छलके

# चार दिनों में बदले हालात, राज्य के आठ बांध लबालब, कुछ से छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन में हुई तेज बारिश के कारण पूरे प्रदेश के नदी-नाले उफान पर हैं। महानदी, शिवनाथ और सहायक नदियों में पानी बढ़ने के साथ ही प्रदेश के आठ बांध लबालब हो चुके हैं। राज्य के प्रमुख बांधों में 62.68 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग बांध, दुर्ग जिले का खपरी जलाशय, मुंगेली जिले का मनियारी, कबीरधाम जिले का छीरपानी, बिलासपुर का घोंघा जलाशय, रायगढ़ जिले का खम्हारपाकुट, दुर्ग जिले का खपरी, राजनांदगांव का रूसे, कोरिया जिले का झुमका जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से राजनांदगांव जिले के धारा जलाशय में 99.02 प्रतिशत और पिपरिया नाला में 94 प्रतिशत से अधिक, जबकि कर्रा नाला, बेहराखार जलाशय में 92 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

- पिछले चार दिनों से मानसून सक्रिय होने से लगातार बारिश

धमतरी जिले में पिछले पांच दिनों से हो रही बारिश से बांधों के जलस्तर में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। चार दिनों से हो रही बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार आया है। 20 जुलाई तक गंगरेल बांध का जल 53.46 प्रतिशत था, 27 जुलाई को जलस्तर बढ़कर 62.87 प्रतिशत हो गया। गंगरेल बांध के केचमेंट एरिया में हो रही बारिश से बांध में 1935 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। इसी तरह माडमसिल्ली बांध का जलस्तर 369.22 मीटर है। अब तक यहां 35.23 प्रतिशत पानी भर गया है। सोंढूर बांध में 33.20 प्रतिशत पानी भर गया है। दुधावा बांध में 29 प्रतिशत पानी भर गया है। केचमेंट एरिया में 265 क्यूसेक पानी की आवक है। दुधावा में पानी की आवक कमजोर है। रूद्री बैरॉज का वाटर लेवल 322.66 मीटर है। यहां 71 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।



### मनियारी छलका छोड़ा जा रहा पानी

लगातार बारिश के चलते मनियारी जलाशय लबालब हो गया। जलाशय में 75 फीट से अधिक जल संचय हो चुका है। सिचाई विभाग ने वेस्ट वियर से 2.4 फीट पानी मनियारी नदी में दर्ज किया है। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव आ रहा है, जिसके चलते जलाशय में 101 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है। वहीं मैकल श्रृंखला पर्वत के तलहटी क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूस गेट के माध्यम से जलनिकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो, झुमका, घोंघा, रूसे और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### चार दिनों में जलाशयों के जलस्तर में 16 प्रतिशत तक वृद्धि

पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से प्रदेश के सभी जिलों में स्थित जलाशयों के जलस्तर पर वृद्धि 7 से 16 प्रतिशत तक रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि केचमेंट एरिया में तेज बारिश ने बांधों को सराबोर कर दिया है। मिनीमाता बांगो बांध में अब तक चार दिन में करीब 16 प्रतिशत अधिक जलभराव हुआ है। 24 जुलाई को यहां 56 प्रतिशत पानी भरा था, वह रविवार तक 70 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सिकासार बांध में 61 प्रतिशत, कोडार डेम में 50.62 प्रतिशत, केलो डेम में 45.62 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 35 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 42.44 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 65.45 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 30.73 प्रतिशत, परलकोट डेम में 65.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 70.38 प्रतिशत जलभराव है।

# रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा कर चर्च निर्माण बजरंग दल का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डब्ल्यूआरएस, रेलवे कालोनी की जमीन पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण कर उसका उपयोग कथित तौर पर चर्च के रूप में किए जाने के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अवैध रूप से संचालित चर्च में धर्मांतरण करने का आरोप लगाते हुए भवन को ढहाने की मांग की तथा भवन के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया। मौके पर उपस्थित खमतराई पुलिस तथा रेलवे प्रशासन द्वारा अवैध बिल्डिंग ढहाने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता आंदोलन समाप्त कर वापस लौटे।

- अवैध कब्जा ढहाने आश्वासन मिलने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता वापस लौटे

रेलवे कॉलोनी में अवैध निर्माण कर चर्च के रूप में इस्तेमाल किए जाने के लेकर बजरंगदल के कार्यकर्ता पूर्व में भी विरोध करते हुए भवन ढहाने मांग की थी। अवैध निर्माण नहीं ढहाए जाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर आंदोलन करने पुनः पहुंचे। उल्लेखनीय है कि भवन में हर सप्ताह प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता रहा है। बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के देखते हुए घटना दिनांक को किसी तरह की प्रार्थना सभा का आयोजन नहीं किया गया। रेलवे प्रशासन ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को 15 दिन के भीतर अवैध निर्माण ढहाने आश्वासन दिया है।

# विधायक सोनी की अनुशंसा पर मठपुरैना मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण की विशेष पहल

**रायपुर।** मठपुरैना के गोकुल नगर स्थित मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ आत्मनिर्भर किसान यूनियन के संयोजक सनतराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी की अनुशंसा पर राज्य शासन की ओर से 1 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर किसान यूनियन के जनप्रतिनिधियों ने विधायक सुनील सोनी का आभार व्यक्त किया। वहीं



इस कार्यक्रम में सनतराम साहू, अमरनाथ साहू, जोहत राम सोनकर, नोहर सिंह साहू, शंकर साहू, बाबूलाल साहू, ओमप्रकाश टंडन, श्रवण साय, सुशील साहू, सागर साहू, बाबूलाल ध्रुव, थानेश्वर दास, ललित कावड़े आदि उपस्थित रहे।

## मिनीमाता स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान 11 अगस्त को, बांटी गई जिम्मेदारियां

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी दिन सतनामी समाज की उत्कृष्ट महिलाओं तथा प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को न्यू राजेंद्रनगर नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई, जहां कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर विभिन्न कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी बांटकर आमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 11 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 11 बजे से राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में आयोजित होगा।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने महाबोधि, महावीर मुक्ति आंदोलन के समर्थन में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर द्वारा आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के आव्हान पर बोधगया बिहार के महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में रविवार को राजधानी में रैली निकाली गई। यह रैली राजधानी के देवेंद्र नगर बुद्ध विहार से होकर आंबेडकर चौक स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई, जहां वक्ताओं ने रैली को संबोधित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और बिहार के मुख्यमंत्री के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

- देवेंद्र नगर बुद्ध विहार से आंबेडकर प्रतिमा तक रैली



महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में रविवार को धरना एवं महारैली का आयोजन किया गया। बोधगया के महाबोधि महाविहार को गैर बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया।

भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने कहा कि बौद्ध अनुयायियों की मांग है कि बीटीएमसी एक्ट 1949 को निरस्त किया जाए। महारैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के कार्यकर्ता, वार्ड समिति के कार्यकर्ता, समता सैनिक दल के कार्यकर्ता और सभी बौद्ध अनुयायी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया डॉ. कलाम को याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों द्वारा उनके जीवन, कार्य और भारत के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, डॉ. कलाम न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि एक प्रेरक नेता, शिक्षक और युवाओं के मार्गदर्शक भी थे। उनका जीवन हर भारतवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। उपस्थित लोगों ने डॉ. कलाम के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, प्रदेश प्रभारी सद्दाम खान, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, आरिफ खान, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, मखमूर इकबाल, नजमा अजीम, मिर्जा एजाज बेग, तौकीर रजा, अकरम कुरैशी, सैफुद्दीन, यूनुस कुरैशी, सचिन मसीह एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी सहित आदि उपस्थित रहे।

सर्किट हाउस में एक दिवसीय संभागीय न्यायिक अधिकारियों का सम्मेलन

# चीफ जस्टिस बोले- न्यायिक कार्य केवल कानून के पालन तक सीमित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा रायपुर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए रविवार को एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में चार जिलों के 126 न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।

कार्यशाला में प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किए जाने, गिरफ्तारी रिमांड और जमानत से संबंधित प्रावधान, अभियुक्त के परीक्षण का उद्देश्य एवं प्रक्रिया तथा हिंदू उत्तराधिकार, अधिकार एवं विरासत से संबंधित कानून का विश्लेषण एवं अध्ययन किया जाना है। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया। इसके अलावा हाईकोर्ट के कई न्यायधीश सम्मेलन में उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में न्यायपालिका से अपेक्षाएं अत्यधिक बढ़ गई हैं। जनता हमसे निष्पक्षता, गति और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है।



### नए प्रावधानों से परिचित होना जरूरी

मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि हाल ही में अधिनियमित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) एवं अन्य नए कानूनों के प्रकाश में, न्यायाधीशों के लिए इन प्रावधानों से भली-भांति परिचित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष रूप से जमानत संबंधी प्रावधान से है, ताकि न्यायिक निर्णयों में एकरूपता एवं विधिक शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। यदि आरोपी के अधिकारों के प्रतिकूल कोई संभावना हो तो न्यायाधीशों को यह अत्यंत सावधानीपूर्वक देखना चाहिए कि क्या प्रस्तुत किया जा रहा है और क्या नहीं। किसी प्रकरण के तथ्यों और परिस्थितियों में न्यायाधीश की अपनी राय हो सकती है, परंतु वे कानून की सीमाओं तथा सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णयों से बंधे होते हैं।

### खारुन लबालब, एनीकट...

खपत हो रही है। नदी के पानी में छोटे-छोटे जलीय जीव भी बारिश के साथ आ रहे हैं। ये इतने सूक्ष्म रहते हैं कि आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी का पानी एनीकट से ओवरफ्लो होकर बह रहा है। पानी की टर्बिडिटी जो पहले 200 पीपीएम रही, वह अब बढ़कर 600 पीपीएम हो गई है। पानी में मौजूद गाद, कीचड़, शैवाल या अन्य कार्बनिक पदार्थों के कारण टर्बिडिटी बढ़ी है। इसलिए नगर निगम का जल विभाग पानी के शुद्धिकरण में विशेष सावधानी बरत रहा है। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि कि लगातार मानसूनी बारिश के कारण पानी का मटमैलापन रविवार को 600 पीपीएम तक चला गया है। इसी तरह रॉ वाटर को शुद्ध करने प्रतिदिन 12.50 टन एलम की जरूरत पड़ रही है। प्राकृतिक स्त्रोतों से मिलने वाले पानी में अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा है, इसे देखते हुए फिल्टर बेड की 2 बार सफाई करानी पड़ रही है। यह स्थिति अक्टूबर माह तक रहेगी।

### फिल्टर बेड की दिन...

स्त्रोतों से मिलने वाले रॉ वाटर में भारी मात्रा में मिट्टी सहित जलीय अशुद्धि फिल्टर बेड में जमा होती रहती है। यही वजह है कि फिल्टर बेड की सफाई 24 घंटे में 2 बार करनी पड़ रही है।

### आफिस टूटा, 18 तक...

तोमर परिवार की दो महिलाएं और भतीजा भी जेल में : तोमर भाइयों के खिलाफ पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई में पुलिस ने वीरेंद्र तोमर की पत्नी,

## पेज 11 के शेष ...

भतीजे दिव्यांश तोमर तथा रोहित की पत्नी को एक्सटार्सन तथा जबरन वसूली के आरोप में 11 दिन पूर्व गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, तोमर परिवार से जुड़े सभी लोग सूदखोरी के साथ जबरन वसूली में लिप्त थे।

### खाद दुकानों में...

औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान वहां से डीएपी का नमूना लेकर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसी तरह धरसींवा ग्राम गिरौद के मेसर्स मधु फर्टिलाइजर (कृष्णा गोदाम) में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत उर्वरक की गुणवत्ता और खरीदी-बिक्री में अनियमितता के मामले में 21 दिन तक बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहां से एसएसपी (पाउडर)-2, जिंककेटेड अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट-1, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट-1, यूरिया एसएसपी-1 के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगाशाला भेजा गया है। जांच टीम में केंद्रीय स्तर पर रीजनल क्वालिटी कंट्रोल मुंबई के उपसंचालक अजय कुमार, केमिकल एंड फर्टिलाइजर मंत्रालय दिल्ली के अंडर सेक्रेटरी एवं राज्य स्तर के प्रतिनिधियों में डॉ. सुमित सोरी, स्मृति कोल्हे ठाकुर सहायक संचालक कृषि, अंजनी साहू, पीके शर्मा, मानस चौधरी उर्वरक निरीक्षक शामिल थे।

### संसाधन नहीं तो...

संभाग स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर 30 जुलाई को सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के चौथे चरण में शासन द्वारा मांगों के संबंध में पहल नहीं किए जाने पर अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्हार का निर्णय लिया जा सकता है।

### बारिश के मौसम में...

जाती है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या कम हो गई है, इसका अंदाजा उनके किराये से लगाया जा सकता है। गर्मी के मौसम में दिल्ली तक सफर करने के लिए यात्रियों को 18 से 20 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। इसके साथ ही मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु सहित अन्य शहरों का एयर फेयर भी काफी अधिक रहता है। बारिश की पीक आने के बाद अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो चुकी है और यात्रियों को चौबीस घंटे पहले भी टिकट सामान्य कीमत पर मिल रहा है। अभी दिल्ली मुंबई की यात्रा दस हजार से कम खर्च में पूरी की जा सकती है।

**45 हजार में सिमटे यात्री:** स्वाम विवेकानंद एयरपोर्ट में गर्मी पीक पर होने के दौरान सप्ताह में 50 हजार की संख्या पार करने वाले यात्री अब 45 हजार की संख्या में सिमट चुके हैं। रायपुर विमानतल से विभिन्न शहरों के लिए पिछले सप्ताह विमानों की 354 बार आवाजाही हुई है। प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अभी अगस्त-सितंबर तक इसी तरह की स्थिति रहेगी। इसके बाद त्योहारी सीजन आते ही यात्री संख्या में इजाफा हो जाएगा।

## चकल्लस



### सिस्टम का पानी उतरा

रायपुर राजधानी है। यहां मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव से लेकर सचिव और कलेक्टर-एसपी, सब रहते हैं और दिनरात सड़कों से गुजरते हैं। उन्हें सब पता होता है। रायपुर में ही नीतियां बनती हैं और यहीं से विकास के लिए अरबों-खरबों का फंड जारी होता है। लेकिन क्या फायदा...एक भारी बारिश ने सिस्टम को आईना दिखा दिया। हजारों लोगों के घर में खाना नहीं बना। गाड़ियां डूब गईं। हर साल की तरह, इस साल भी लोग परेशान हुए। जगह-जगह पानी भर गया। मतलब सिस्टम केवल फाइलों पर चलता रहता है। आम आदमी से उसे कोई वास्ता नहीं होता। अगर होता तो कुछ तो प्रयास किया होता।

### काहे की स्मार्ट सिटी

स्मार्ट सिटी जब लांच हुआ तब लगता था कि अब रायपुर को लंदन-न्यूयार्क बनने में देर नहीं लगेगी। चमचमाती सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, शानदार ट्रेफिक, सिक्योरिटी, इंटरटेनमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सब मिलेगा। अपना शहर स्मार्ट बन जाएगा। लेकिन हुआ क्या? साइकिल ट्रेक बनाया गया, उस पर कभी साइकिलें नहीं चलीं। खंबों पर रंग बिरंगी लाइटें लगा दी गईं, वे आधी जलती हैं आधी बुझी रहती हैं। खुद स्मार्ट सिटी के दफ्तर में पानी भर जाता है। दीवारों पर पेंटिंग कर दी गई, वह बारिश में बदरंग हो गई। मतलब, ऐसे-ऐसे प्रयोग हुए कि पूछिए मत। शहर तो स्मार्ट नहीं हुआ, लेकिन नेता और अफसर जरूर स्मार्ट निकले। बाकी आप समझदार हैं।

### भाजपा के एक और भगत

लगता है भारतीय जनता पार्टी में दूसरे भगत शहीद होने वाले हैं। पहले भगत थे गणेशराम भगत। दिग्गज नेता दिलीप सिंह जूदेव के चहेते थे। जननेता भी। डा. रमन के मुख्यमंत्री रहते मंत्री बने। मिजाज से मस्तमौला भगत जी पार्टी से तालमेल नहीं बिठा पाए। बाद में उन्हें साइड कर दिया गया। इतिहास खुद को दोहरा रहा है। अब भाजयुमो अध्यक्ष भगत पार्टी के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए। पार्टी ने उन्हें नोटिस जारी कर दिया है। भाजपा का इतिहास है कि वह बगावत पसंद नहीं करती। जो बगावत करता है उसे साइड कर शांत कर देती है।

### डबल चांदी

स्टील उद्योगों ने आखिर किसी भी तरह से जुगाड़ करके अपनी बिजली की कीमत को कम कराने की जुगत बिठा ही ली। ऐसा होने से स्टील उद्योग की डबल चांदी को गई है। एक तो लोड फैक्टर के कारण कम कीमत पर बिजली मिल रही है, साथ ही सरिया की कीमत भी कम नहीं होने वाली है। खबरी बता रहा था, स्टील कारोबारियों ने दूसरे राज्यों का हवाला देते हुए सरकार से बिजली की कीमत कम करा ली है, लेकिन इसका फायदा अपने राज्य के लोगों को मिलने वाला नहीं है, क्योंकि यहां का 80 फीसदी से ज्यादा स्टील तो दूसरे राज्यों में जाता है। स्टील उद्योग को सस्ती बिजली देने का जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई भी आम उपभोक्ताओं को बिजली की ज्यादा कीमत देकर करनी होगी।

### कार्यकर्ता करें तो क्या करें

भाजपा ने भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष को नेताओं के दुष्प्रचार के मामले में नोटिस थमाया है। इसको लेकर भाजपा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर चर्चा कर रहे हैं। खबरी बता रहा था, कार्यकर्ता कह रहे हैं कि पार्टी में संवादहीनता की स्थिति होने के कारण कार्यकर्ताओं को मजबूरी में अपनी बात सोशल मीडिया पर लिखनी पड़ रही है। यहां पर भी स्वतंत्रता नहीं है, सोशल मीडिया पर कुछ लिखने की देर नहीं कि नोटिस थमाने और पार्टी से बाहर करने तक की तैयारी हो रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि चिंतन तो नेताओं को करना चाहिए, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भी संवाद नहीं हो रहा है। ऐसे में कार्यकर्ता अपनी व्यथा कहां कहें। कार्यकर्ताओं की समस्या का समाधान नहीं होगा तो कार्यकर्ता जाएंगे कहां। पार्टी कार्यालय में मंत्रियों का सहयोग केंद्र भी लंबे समय से बंद है।

### वीआरएस का इमोशनल गेम

चिकित्सा शिक्षा विभाग में होने वाले ट्रांसफर की चपेट में आने से बचने के लिए एक एचओडी वीआरएस का इमोशनली गेम खेल गए। हमेशा एनएमसी के कोपभाजन का शिकार होने की वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉक्टरों के ट्रांसफर की सूची तैयार कर रहा था। एचओडी को इस बात आशंका थी कि तबादला सूची में उनका नाम आना तय है, इसलिए उन्होंने स्वास्थ्यगत समस्या बताकर वीआरएस के लिए आवेदन कर दिया। उनके आवेदन पर विचार के बीच ट्रांसफर की लिस्ट आ गई और इमोशनल जाल में फंसे अफसरों ने दूसरे प्राध्यापक को अन्य मेडिकल कॉलेज का रास्ता दिखा दिया। विभागीय स्तर पर ट्रांसफर पोस्टिंग की प्रक्रिया पूरी हुई और वीआरएस का आवेदन वापस होने के साथ विभागाध्यक्ष बीमारी भूलकर पुनः अपनी ड्यूटी पर वापस ज्वाइन कर लिए।

### उल्टे पांव लौट गए मंत्रीजी...

स्वास्थ्य सुविधा में सुधार के लिए सक्रियता दिखा रहे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अस्पतालों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। पिछले दिनों डॉक्टरों की ओपीडी में पहुंचने से पहले वे आंबेडकर अस्पताल की कैजुअल्टी में पहुंचे और उल्टे पांव वापस लौट गए। इसके पूर्व उन्होंने डीके अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से मिलने वाली चिकित्सा सुविधा के बारे में पूछा था। मंत्रीजी दौरे के बारे में जानकर कमियां छिपाने वाले अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दिए बिना वास्तविकता से रूबरू होने मंत्रीजी का यह प्रयास प्रशंसनीय है, मगर चर्चा इस बात की है कि आंबेडकर अस्पताल की कैजुअल्टी में ऐसा क्या अहसास हुआ कि वहां की व्यवस्था जाने बिना ही उन्हें उल्टे पांव लौटना पड़ गया।

### गड्ढे का फड्डा ...

एक मीटिंग में कॉर्पोरेशन के ड्रेनेज वाले साहब से किसी मेंबर ने पूछ लिया कि गड्ढों की समस्या खत्म क्यों नहीं हो रही है। इसमें कंस्ट्रक्शन वाला फाल्ट है या टेक्नीकल? प्राब्लम सॉल्व होगा या इसी तरह चलता रहेगा? लोगों को बहुत दिक्कत होती है। साहब का जवाब आया, गड्ढा खोदने वाले अलग और गड्ढा पाटने वाले अलग डिपार्टमेंट के हैं, इसलिए तालमेल नहीं हो रहा। जिस दिन तालमेल बैठ गया, गड्ढा मुक्त शहर हो जाएगा। मेंबर बोले, वो कैसे, साहब ने समझाया, पाइप लाइन डालने, डैमेज चेक करने गड्ढे हम करवाते हैं, पर उसे पाटने के बाद केबल वाले, लाइट वाले दोबारा खोदकर जाते हैं, इसमें हम क्या कर सकते हैं।

### नाम का चक्कर ...

व्हाइट हाउस में नेता प्रतिपक्ष के नाम की तख्ती लगे महीनों बीत गए, कमरा रिजर्व भी हो गया, पर जिसके नाम की तख्ती लगी, उसके दर्शन नहीं हो रहे। जिसके नाम की तख्ती नहीं लगी, वे अपनी तख्ती ठोकवाने के चक्कर में हैं। कुल मिलाकर पद एक नेता दो। दोनों कहते फिर रहे, रीयल लीडर मैं ही हूं। नाम के चक्कर में काम का नुकसान तो हो ही रहा है, इज्जत का फालूदा निकल रहा, सो अलग।

### चिट्ठी-पत्री... समय का खेल

सियासत के खेल में चिट्ठी पत्री का खेल लंबे समय से चलता आ रहा है। कोई बात उजागर करने या अपनी मांग-मुद्दे उठाने के लिए नेता लोग चिट्ठी-पत्री लिखा करते थे, ये क्रम अब भी जारी है। इसी क्रम में एक वरिष्ठ वयोवृद्ध भाजपा नेता का जिक्र लाजिमी है। जब कांग्रेस की सरकार थी, वे पत्र लिखा करते और शिकायत करते थे। उनकी शिकायतों पर कार्रवाई होती थी। इन्हीं नेताजी ने पिछली सरकार के खिलाफ कुछ मामले उठाए तो मुद्दा बना। जब भाजपा सरकार आई तो एक मामले में सीबीआई जांच हुई, कई लोग, अभी भी जेल की हवा खा रहे हैं, लेकिन अब भाजपा के राज में यही नेता कई पत्र लिख चुके हैं। कार्रवाई तो दूर, वे सभी बैरंग वापस लौट रहे हैं। नेताजी भी अब समझे हैं कि चिट्ठी-पत्री का असर भी समय-समय का खेल है, जो हमेशा एक-सा नहीं चलता।

### भारतमाला...जांच पर आंच

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारतमाला सड़क बनाने के लिए मुआवजे देने में भारी घपले-घोटालों की बात सामने आ चुकी है। जाहिर है, इन घपलों में सरकारी अमलों के कर्मचारी-अधिकारियों से लेकर कई प्रभावशाली यानी बड़े लोगों की मिलीभगत हो सकती है। यह पूरा मामला लंबे समय से चल रहा है, लेकिन अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने का नाम नहीं ले रही है। सबसे पहले मामले की जांच जिला प्रशासन से कराई गई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ तो नेताओं के कहने पर जांच कमिश्नरी स्तर पर शुरू करा दी गई। यह जांच भी महीनों से चल रही है, लेकिन रिपोर्ट आने से पहले यह मांग कर दी गई है कि पांच कमिश्नरों की जांच से कुछ नहीं होने वाला, इन कमिश्नरों की जांच के ऊपर सचिव स्तर के अधिकारी से जांच होनी चाहिए। सरकार का जवाब आया है कि शासन इस पर विचार करेगा।

### एक के साथ एक फ्री

इक बंगला बने न्यारा... की तर्ज पर नया रायपुर में सभी मंत्रियों के लिए बंगले तो बना दिए गए हैं, पर वहां पूरी तरह शिफ्ट होने के लिए कोई तैयार नहीं है। मंत्रियों ने नए बंगले के साथ पुराना बंगला भी अपने पास रखा है। दोनों जगहों पर मंत्री मौजूद रहने की कोशिश करते हैं। ऐसी जद्दोजहद को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुधारने में जुटे एक सिपाही ने कहा, लगता है, एक के साथ एक फ्री की स्कीम नेताओं को भी दी जा रही है। नए में जा चुके हैं तो पुराने को छोड़ देना चाहिए। जब रायपुर में नहीं रहेंगे तो लोगों को परेशानी कम होगी। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधर जाएगी।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा।

## ठकुराइन टोलाघाट का लक्ष्मण झूला तैयार...





फोटो : अजय साहू

*रायपुर। राजधानी से 25 किलोमीटर दूर ठकुराइन टोलाघाट शिव मंदिर तक जाने के लिए लक्ष्मण झूला तैयार हो गया है। इसे कभी भी आमजनों के लिए शुरू किया जा सकता है। फिलहाल लगातार बारिश के बाद मंदिर जाने के मार्ग तक पानी पहुंच गया है। वर्तमान में ब्रिज शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में शिवभक्त दूर से ही मंदिर के दर्शन कर रहे हैं।*

### रायपुर में बनाए गए थे 90 केंद्र, 200 पदों के लिए हुई भर्ती परीक्षा

# व्यापम ने पूछा- बुद्ध ने दुख निरोध के कितने मार्ग बताए, मच्छर ल छत्तीसगढ़ी म का कहे जाथे?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रविवार को हुई आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर राजधानी में पूरे दिन गहमा-गहमी रही। नए नियमों को लेकर कई केंद्रों में तनातनी की स्थिति रही, तो कई जगह छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन भी किए। अभ्यर्थियों से पूछे गए सवाल भी रोचक रहे।


गणित के सवाल टाइम टेकिंग रहे, वहीं सामान्य ज्ञान के कई सवाल भी उलझाने वाले रहे। परीक्षा के लिए रायपुर जिले में 90 केंद्र बनाए गए थे। इन 90 केंद्रों के लिए 33,866 ने पंजीयन कराया था। इनमें 25,045 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। नकल प्रकरण या इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं हुई, लेकिन विलंब के कारण रोके जाने पर हर दूसरे केंद्र में वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती रही। गौरतलब है कि आबकारी विभाग के अंतर्गत रिक्त आरक्षक के 200 पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित हुई थी।नए नियमों और विवाद की स्थिति को देखते हुए व्यापम के अधिकारियों ने अधिकतर केंद्रों में जाकर निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्षों को पहले ही दिशा-निर्देश दिए गए थे। सभी केंद्रों में वीडियोग्राफी भी की गई, ताकि विवाद की स्थिति से बचा जा सके। मेडल डिटेक्टर की मदद से कैंडिडेट्स की दो चरणों में जांच हुई।





#### उतरवाए गए गहने, तुरंत खरीदे कपड़े

*व्यापम की भर्ती परीक्षा नए नियमों से हुई। किसी भी तरह के गहने पहनने की अनुमति परीक्षार्थियों को नहीं थी। कई युवतियां कान में बाली पहनकर आई थीं। उन्हें केंद्र में ही उतारने कहा गया। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र में जैमर लगाए गए थे। परीक्षा इस बार नए समय पर ली गई। प्रातः 10 से 12 बजे के स्थान पर 11 से 1 बजे तक हुई। सख्ती को देखते हुए अधिकतर कैंडिडेट्स तय समय से 1 से 2 घंटे पहले ही केंद्र पहुंच गए थे। कई केंद्रों में रोचक नजारे देखे गए। गहरे रंग के कारण प्रवेश देने से रोका गया तो परीक्षार्थियों ने समीपस्थ दुकान से तुरंत ही कपड़े खरीदे। जिनके घर पास में थे, उन्होंने अपने घर जाकर कपड़े बदले।*



- राजधानी में 33 हजार 866 अभ्यर्थियों ने किए थे आवेदन, इनमें से 25 हजार 45 रहे उपस्थित

#### इस तरह के सवाल

- मौलिक कर्तव्यों का संविधान में समावेश किस संशोधन द्वारा किया गया था?
- भारत में कौन सा स्थल बौद्ध शिक्षा का केंद्र था?
- भारत के बंदरगाहों को उत्तर से दक्षिण के क्रम में बताएं।
- बुद्ध ने दुख निरोध के कितने मार्ग बताए हैं?
- जास्कर पर्वत श्रेणी कहां स्थित है?
- भित्ति चित्रकला के लिए प्रसिद्ध बाघ की गुफाएं कहां हैं?
- केंद्र-राज्य के संबंधों का अध्ययन करने सरकारिया आयोग कब बनाया गया था?
- बंगाल की खाड़ी में कौन-कौन सी नदियां मिलती हैं?
- गाय को मूल्य इकाई के रूप में कौन से काल में मान्यता प्राप्त थी?
- 2011 की जनसंख्या के अनुसार भारत में लिंग अनुपात कितना है?
- पृथ्वी की भू-पर्पटी में सबसे अधिक कौन सा तत्व पाया जाता है?
- महाकुंभ 2025 में कब कौन से स्नान हुए?
- विभिन्न क्रिकेट टीम की आईसीसी रैंकिंग
- किस टीम ने आईपीएल 2025 जीता?
- छग में तीज पर्व कब मनाते हैं?
- मुकुटधर पांडेय ने किस नृत्य को छग का गरबा कहा है?
- महारानी वासटा का संबंध छग के किस प्राचीन राजवंश से है?
- छग के महत्वपूर्ण जनजातिय विद्रोह
- मांदरी नृत्य किस जनजाति से संबंधित है?
- मच्छर ल छत्तीसगढ़ी म का कहे जाथे?

#### इधर... विरोध में छात्रों ने फांदा गेट



आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के वंचित होने के बाद एनएसयूआई ने विरोध-प्रदर्शन किया। टाटीबंध स्थित आदर्श महाविद्यालय को छात्रों ने घेर लिया। वे गेट फांदकर अंदर जाने की कोशिश करने लगे। एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा, अभ्यर्थियों को 2 घंटे पहले आने का आदेश दिया गया था। जो पहले आ गए थे उन्हें भी कपड़ों के रंग, शर्ट के कॉलर के नाम से परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया।

ऐसी ही स्थिति पूरे प्रदेश में रही। यदि आने वाले समय में पुनः परीक्षा आयोजित नहीं की गई और जो बच्चे परीक्षा देने से वंचित रह गए उन्हें फिर दोबारा मौका नहीं मिला तो प्रदेशभर में मुख्यमंत्री के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव महताब हुसैन, ग्रामीण अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी, जिला महासचिव रजक ठाकुर, जिला महासचिव जोंटी गिल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जलभराव वाले इलाकों में पानी उतरा आम जनता ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में रविवार को बारिश थमने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जलभराव वाले इलाकों में शामिल प्रोफेसर कालोनी, कुशालपुर, कुकरीपारा, परशुराम नगर के घरों में नाले-नालियों का पानी उतरने के बाद प्रभावित घरों में चूल्हे जले। शुक्रवार की रात मूसलाधार बारिश से शहर के जिन दर्जनों इलाकों में जलभराव से सड़कें, गलियों में लबालब पानी भर गया था, वहां पानी उतरने के बाद जनजीवन सामान्य नजर आया। समता कॉलोनी, चौबे कॉलोनी, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के उछला तालाब के पोद्दारपारा के रहवासियों को जलभराव से राहत मिली। शंकर नगर इलाके के कविता नगर में नाले का पानी भरने की समस्या रविवार को दूर हो गई।



#### राजेंद्र नगर में जलभराव की समस्या दूर करने नाला-नाली का प्रस्ताव

पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड के अंतर्गत राजेंद्र नगर बस्ती में जलभराव से लोग परेशान रहे। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने रविवार को नागरिकों के साथ जलभराव प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने जोन-4 के अधिकारियों को गंदे पानी के निकासी की सुगम व्यवस्था बनाने नाला-नाली का प्रस्ताव देने निर्देश दिए।

#### प्रोफेसर कॉलोनी में जलभराव रोकने नया नाला बनाने प्रस्ताव

महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने जोन-5 और जोन 6 के अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर, कुशालपुर, कुकरीपारा सहित अन्य स्थानों पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान गंभीरता से करने नए नाला निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कर प्रस्ताव जल्द देने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में निगम के अधीक्षण अभियंता ने जोन-6 कार्यालय में बैठक लेकर जोन-5 और जोन-6 के सभी अभियंताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में रिंगरोड और अशोक लीलैंड सहित विभिन्न पाइंट्स पर फोकस कर जलभराव की समस्या का तत्कालीन समाधान करने पहल की गई।

# भूपेश ने भाजयुमो अध्यक्ष भगत का किया समर्थन, भाजपा का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा है। इसके जवाब में भाजपा ने पलटवार किया है।

पूर्व सीएम ने फेसबुक पर लिखा कि रवि भगत छत्तीसगढ़ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनको भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी से निष्कासित करने की धमकी सिर्फ इसलिए दी जा रही है, क्योंकि वे अडाणी संचार विभाग के एक प्रवक्ता, जो कि मंत्री भी हैं, उससे लगातार सवाल पूछ रहे हैं। डीएमएफ और सीएसआर में जो भ्रष्टाचार चल रहा है, उसे ढंकने की कोशिश की जा रही है। रवि भगत की विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन अपनी मेहनत से राजनीति में आगे बढ़े एक आदिवासी युवा को दबाकर, धमकाकर भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि कोई भी न अडाणी के लोगों से न ही सवाल पूछेगा और न ही भ्रष्टाचार पर सवाल उठाएगा। आदिवासी को वनवासी कहने वाली आरएसएस और भाजपा का यही मूल चरित्र है, सबको समझना होगा।



- नोटिस देकर डीएमएफ और सीएसआर में भ्रष्टाचार को ढंकने की कोशिश : भूपेश

#### कवासी की सुध नहीं ले रहे भूपेश : अनुराग

इस पर प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने अपने बयान में पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा, प्रदेश का मुखिया एक आदिवासी है, जिसे अपमानित करने का कोई भी मौका आप नहीं छोड़ते हैं। अपने बेटे की गिरफ्तारी के विरोध में पूरी कांग्रेस को आपने झोंक दिया, लेकिन जिस आदिवासी नेता कवासी लखमा को आगे करके आपने करोड़ों रुपए बनाए, उसकी आप सुध भी नहीं ले रहे हैं।

### सभी जिलों, ब्लॉक में प्रभारियों की नियुक्ति

# नए जिला और मंडल अध्यक्ष बनाने कांग्रेस ने शुरू की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में आगामी सितंबर माह तक सभी जिलों में नए अध्यक्ष बनाने को लेकर संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी 34 संगठन जिलों में नाम सुझाने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। संगठन को मजबूती देने एआईसीसी ने प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को तय समय में कार्यवाही पूरी करने कहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक में यह तय किया गया कि जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर नियुक्तियां दो माह में पूरी कर ली जाएं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति के साथ ही ब्लॉक प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। नियुक्ति के साथ ही इन क्षेत्रों में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बारे में सुझाव दिए जाएंगे। सुझाव के आधार पर एआईसीसी की सहमति से इन नामों को सहमति मिलेगी। बताया जाता है कि 30 सितंबर तक सभी नियुक्तियों को पूरी करना है। सभी प्रभारियों को उसके पहले अपने प्रभार जिले का दौरा कर वहां के वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ बैठक कर वहां की स्थिति का आकलन करने कहा गया है। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा। नियुक्तियों में गुजरात फॉर्मूला लागू होगा। सभी नियुक्तियों में एससी-एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण रहेगा।



*ब्लॉक की संख्या बढ़ेगी : छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले कुछ संगठनात्मक जिलों एवं ब्लॉक को जनसंख्या के अनुपात व भौगोलिक दृष्टिकोण के अनुसार विस्तृत क्षेत्रफल होने के कारण उन जिला एवं ब्लॉक का पुनर्गठन कर जिला, ब्लॉक बढ़ाए जा रहे हैं। ब्लॉक की संख्या बढ़ने से संगठन के कार्य में विस्तार होगा। वहीं इसके माध्यम से सक्रियता बढ़ाने में मदद मिलेगी।*

#### कई प्रयासों बाद नहीं हो सकी नियुक्ति

दीपक बैज के पीसीसी अध्यक्ष बनने के बाद विधानसभा और लोकसभा को देखते हुए संगठन में नई नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से ही काम चलाया जा रहा था। कांग्रेस आलाकमान को जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी का गठन करने कई बार सूची दी गई, पर उस सूची को अनुमति नहीं मिली। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष की बैठक के बाद तीन माह की समयसीमा में पूरा करने सूची मंगाई गई है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 विद्यार्थियों ने पेश किए अपने कलेक्शन

## एजूकेशन लाइव

## सेना भर्ती में प्रवेश परीक्षा का ऑनलाइन परीक्षा परिणाम घोषित



**रायपुर।** भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अधीन जून और जुलाई 2025 में आयोजित की गई ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेडमैन, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस तथा नियमित कैडर में धार्मिक शिक्षक, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा जैसे विभिन्न पदों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा छत्तीसगढ़ के विभिन्न ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई थी।

### उम्मीदवारों का चयन केवल उनकी योग्यता के आधार पर

सफल उम्मीदवारों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर उपलब्ध है। साथ ही, परिणाम सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के सूचना पट पर भी प्रदर्शित किया गया है। उम्मीदवार परीक्षा परिणाम से संबंधित किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए सेना भर्ती कार्यालय नया रायपुर (जो शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित है) के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 अथवा 2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने पुनः स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है और उम्मीदवारों का चयन केवल उनकी योग्यता के आधार पर किया जाता है।

## सिटी इवेंट

## सीमा पर तैनात जवानों के लिए भेजीं 5,000 राखियां





**रायपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना संस्था द्वारा भारत माता चौक, शंकर नगर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए रक्षा सूत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित वीरांगनाओं ने वहां मौजूद जवानों पर पुष्प वर्षा करते हुए उनकी कलाई पर राखी बांधी।

इस अवसर पर संस्था की ओर से 5,000 राखियां सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए भेजी गईं, जो उनके प्रति सम्मान और स्नेह का प्रतीक है। कार्यक्रम में संस्था की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचन चौहान, जिला अध्यक्ष आशा सिंह, रश्मि चौहान, सुष्मिता अग्निवंशी, अपर्णा सिसोदिया, प्रिया सिंह, मांडवी सिंह एवं रितु परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### बारिश में इंडोर गेम्स से खुद को फिट रख रहे हैं खेल के शौकीन, पहुंच रहे गेम सेंटर

# बारिश से मैदानों में भरा पानी, स्पोर्ट्स बॉक्स में बैडमिंटन-वॉलीबॉल खेलने पहुंच रहे खिलाड़ी

प्रदेश में मूसलाधार बारिश होने से विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अभ्यास करने मैदान से फिलहाल दूरी बना ली है। शहर के साइंस मैदान व सप्रे स्कूल समेत डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के मैदान में रोजाना बड़ी संख्या में दौड़, क्रिकेट, कबड्डी के साथ बैडमिंटन, वॉलीबॉल व फुटबॉल खेलने खिलाड़ी पहुंचते रहे हैं। वर्तमान में मैदान में पानी भरा हुआ है। इस वजह से बच्चे व खिलाड़ी भी यहां आने से परहेज करने लगे हैं। हरिभूमि ने खिलाड़ियों से बातचीत की।





**रायपुर।** ज्यादातर खिलाड़ी बारिश में इन दिनों इनडोर स्पोर्ट्स बॉक्स में पसीना बहा रहे हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि पहले बारिश के समय में खेल का अभ्यास प्रभावित होता था, लेकिन अब टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल की इनडोर एकेडमी है। यहां खिलाड़ी बारिश में नियमित अभ्यास कर सकते हैं। टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि बारिश में भी रोजाना खिलाड़ी पहुंच रहे हैं। इनडोर सुविधा होने से खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं हो रही है। बारिश के कारण कई अन्य खिलाड़ी भी पहुंचने लगे हैं। इसके अलावा मोवा स्थित बैडमिंटन संघ के इनडोर कोर्ट में बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। क्रिकेट और फुटबॉल के लिए भी बड़ी संख्या में युवा वर्ग स्पोर्ट्स बॉक्स किराए में बुक कर खेलने पहुंच रहे हैं।

### बारिश से बचने गेम सेंटर में बिता रहे समय

शहर के मॉल में इनडोर गेम्स की सुविधा है। लगातार बारिश के चलते यहां बच्चों और युवाओं का रुझान बढ़ा है। इन दिनों ज्यादा समय बच्चे इनडोर गेम सेंटरों पर बिताने लगे हैं। बच्चों को बॉलिंग एले से लेकर डांसिंग स्टेप्स, हीटिंग टार्गेट, कार रेसिंग, वॉलीबाल जैसे गेम खूब लुभा रहे हैं।



इस दौरान मैग्नेटो व सिटी सेंटर मॉल के गेम जोन में शाम के वक्त बच्चों की भीड़ बढ़ने लगी है। बारिश के चलते पैरेंट्स भी बच्चों को ऐसे गेम खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिससे मेंटल एक्सरसाइज हो सके। आउटडोर गेम से बच्चे का परफेक्ट फिजिकल वर्कआउट हो जाता है, पर मौसम को देखते हुए इंडोर गेम्स पसंद कर रहे हैं।

### बारिश में हर दिन स्पोर्ट्स बॉक्स की बढ़ी मांग

लगातार बारिश में शहर के इनडोर स्पोर्ट्स बॉक्स की मांग अचानक से बढ़ गई है। मोवा स्थित इनडोर बॉक्स में क्रिकेट और फुटबॉल खेला जा रहा है। सामान्य दिनों में केवल छुट्टियों के दिनों में यहां बुकिंग अधिक रहती थी, लेकिन बारिश के कारण अब बुकिंग दिनभर में बढ़ चुकी है। संचालन आशीष वर्मा ने बताया कि एक घंटे का 1500 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। इसमें एक साथ 10 से अधिक लोग क्रिकेट व फुटबॉल खेलते हैं। बारिश से बचकर खेलप्रेमी यहां घंटों समय बिताने लगे हैं। शहर में खेल बॉक्स में क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस और बैडमिंटन की एकेडमी बन चुकी है। ऐसे में बारिश में खेल प्रभावित नहीं हो रहा है।



### इनडोर गेम्स खेलने वालों की बढ़ी संख्या

विधानसभा रोड स्थित गेमिंग जोन में इनडोर गेम्स खेलने इन दिनों 200 से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। यहां माउंटेन गेम्स और कमांडो नेट के साथ क्रिकेट, शतरंज व कैरम जैसे खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। एडवेंचर गेम्स में बच्चे भी बुल राइडिंग, बंजी जंपिंग का लुत्फ उठा रहे तो वहीं युवा वर्ग कमांडो नेट में चढ़ाई कर ऊंचाई से चढ़ने का अपना डर दूर कर रहे हैं। इसके अलावा गेम्स के जरिए स्पोर्ट्स की विभिन्न गतिविधियों से युवा खुद को फिट रख रहे हैं। बारिश में मैदानी गतिविधियां बंद होने से खेल के शौकीन इनडोर गेमिंग जोन की ओर रुख कर रहे हैं, जो बच्चों को ज्यादा लुभा रहे हैं। इसी के चलते अब तेजी से इनडोर गेम जोन की संख्या में इजाफा भी हो रहा है।

## नई पीढ़ी ने जाना स्वर कोकिला का योगदान, सुरों से दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** स्वर्णिम लता फाउंडेशन द्वारा कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के सभागार में सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को समर्पित कार्यक्रम 'लता गाथा' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जीवन मूल्यों, संगीत साधना और प्रेरणादायी यात्रा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। यह कार्यक्रम में लताजी के जीवन और कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में शीतल भोई, दीपराज वर्मा, त्रिलोचन सोना, आकांक्षा दुबे, अनीता छाब्लानी, दीपक वेडकर और रोशनी गुप्ता शामिल रहे। मंच संचालन शिरीन सिद्दीक्की ने प्रभावशाली ढंग से किया। मुख्य अतिथियों के रूप में विविध भारती मुंबई के गोल्डन वॉइस कमल शर्मा और रिटायर्ड बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश्वर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सिंह ने की। स्वर्णिम लता फाउंडेशन के संरक्षक मनोज शर्मा, सीमा हर्देल, सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक विवेक टांक, दीपक हडवार, सुमन शर्मा सहित कई शिक्षक, संगीत प्रेमी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन संगीत और स्मृति का एक ऐसा संगम बना, जिसने लता मंगेशकर के अविस्मरणीय योगदान को एक बार फिर जीवंत कर दिया।





## नए कलाकरों ने नए-पुराने गीतों से सजाया मंच

**रायपुर।** धुन फाउंडेशन की ओर से मयाराम सुरजन हॉल में स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 102वीं जयंती पर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा फनकारों ने पुराने नगमों की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान नए-पुराने गीतों को नए कलाकारों ने सुर में गाया। अजय अडवानी ने बताया कि हमेशा यह मंच नए कलाकारों को अपनी प्रस्तुति करने का मौका प्रदान करती है। इस बार भी सारे परिपक्व गायक एवं गायिकाओं के द्वारा बेहतरीन गीतों को गाया गया। कलाकारों ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। सभी श्रोताओं ने कार्यक्रम में देर रात तक खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन ऋतु श्रीवास्तव ने किया।

### सावन के तीसरे सोमवार से पहले महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

# हरियाली के रंग में सजा सावन का झूला, सिंगिंग और डांस में दिखाया टैलेंट

रायपुर। सावन के महीने में प्रतिदिन विभिन्न महिला संगठनों की ओर से सावन उत्सव मनाया जा रहा है । सावन के तीसरे सोमवार से पहले रविवार को भी यह क्रम जारी रहा। अर्पिता महिला समिति द्वारा एनटीपीसी नवा रायपुर में हरियाली तीज उत्सव को मस्ती, संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को झूला झुलाया। साथ ही मनोरंजन के लिए सावन के गीत गाए। कार्यक्रम में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में नृत्य और लोकगीत गाते हुए खूब एंजाय की। कार्यक्रम में कई खेलों का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य आकर्षण कजरी, मनोरंजक खेल और तीज क्वीन प्रतियोगितायों में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाया। इस दौरान तीज क्वीन प्रतियोगिता की विजेता मनीषा सेनापति और दिशा सिंह को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मीनाली अजमेरा को गॉर्जियस लेडी, नीतू अरोड़ा को लेडी ऑफ द इवनिंग, प्रियंका पटेल को मिस ग्रेसफुल, राजेश्वरी सेठी को मिस एवरग्रीन, प्रतिभा गर्ग को मिस एलिगेंट और मंजुला को सावन क्वीन पुरस्कार मिले।



### सावन में गीत, संगीत व नृत्य की धूम



छत्तीसगढ़ पंजाबी महिला सनातन सभा द्वारा वृन्दावन हाल में आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में गीत, संगीत एवं नृत्य की धूम रही। कार्यक्रम की शुरुआत तनु बेदी एवं उनकी टीम द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। तत्पश्चात सुदेश गुलाटी ने भी अपने भावपूर्ण भजनों से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान राजधानी की सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. वर्षा धनवानी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने नेक पेन और लोअर बैक पेन के कारणों की जानकारी देते हुए इससे बचाव के सरल उपाय बताए। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को नेक पेन के उपचार के लिए एक्सरसाइज भी कराया, इससे कई महिलाएं लाभान्वित हुईं।डॉ. धनवानी ने सभी महिलाओं से स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजन में महिला सनातन सभा की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, कोषाध्यक्ष उमा डोडेजा, सचिव मीना बजाज एवं अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

### लोक परंपराओं के साथ मनाया सावन उत्सव



तेलुगु महिला विंग द्वारा गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में सावन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी महिलाएं पारंपरिक हरे रंग की साड़ियों और चूड़ियों में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। उत्सव की शुरुआत एक-दूसरे को मेहंदी लगाकर और झूला झुलाकर की गई। इस दौरान लोक परंपराओं और हरियाली के रंग में डूबी शाम को सभी ने जमकर एंजॉय किया। कार्यक्रम में इनडोर गेम्स जैसे कुर्सी रेस, सिंगिंग और डांस का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'हरियाली क्वीन' का खिताब कल्पना को मिला। 'सावन परी' गुम्मा गौरी बनीं, जबकि 'ब्यूटी प्रतियोगिता' की विजेता पद्मा रहीं। सभी प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समा बांधा। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने इस विशेष शाम को यादगार बनाने के लिए ढेरों तस्वीरें भी लीं।

### राधा-कृष्ण के रूप में दी प्रस्तुति



नामदेव समाज महिला समूह ने सावन एवं तीज उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद नृत्य, संगीत एवं भजन की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं ने रोचक गेम खेले, रैम्प वॉक एवं स्टेज में अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आकर्षण राधा-कृष्ण के रूप में भारती एवं श्रुति का प्रवेश रहा। उनका यह स्वरूप साक्षात श्रीकृष्ण-राधा की रासलीला के कार्यक्रम में जीवन्त कर गया। तीज क्वीन में लाल रंग में बसी नेहा वर्मा ने जीत का ताज पहना। म्यूजिकल गेम में प्रथम पुरस्कार प्रीति अविनाश नामदेव एवं द्वितीय पुरस्कार सोनिया वर्षा ने प्राप्त किया।

## सिटी लाइव

# आर्थिक प्रगति के लिए ज्ञान और डिजिटल ट्रेड की ओर युवाओं का रुझान आवश्यक




**रायपुर।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय द्वारा रविवार को सालासर बालाजी धाम में राष्ट्रीय युवा बैठक एवं प्रांतीय इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाला समय इनोवेशन का है, इसलिए आर्थिक प्रगति के लिए ज्ञान और डिजिटल ट्रेड की ओर युवाओं का रुझान होना आवश्यक है। भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, जिसमें अग्रवालों का योगदान सराहनीय है। आयोजन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे युवाओं के आयोजन होते रहना चाहिए।

### समाज के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री ओपी चौधरी, गोपाल गोयल, ईश्वरप्रसाद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, हेमराज जिंदल, योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओपी चौधरी द्वारा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के टेलीफोन डायरेक्टरी का भी विमोचन किया गया ,जिसमें प्रदेश कार्यकारी के सभी युवाओं का विवरण है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने इस मौके पर कहा कि समस्त अग्र बंधुओं को दिन की शुरुआत जय अग्रसेन बोलकर करनी चाहिए, साथ ही शादियों में फेरे दिन में होने चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष प्रमोद जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को समाज के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। बैठक को ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल ने भी संबोधित किया।



## तीसरे सावन सोमवार से पहले हजारों कांवड़ियों का उमड़ा सैलाब, तांडव नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

# श्रद्धा, सेवा और सुरों से सजी कांवड़ यात्रा

**शरीर पर भगवा वस्त्र, नंगे पांव, हाथों में कांवड़ और जुबां पर बोल बम के जयघोष से इन दिनों राजधानी में शिवभक्ति का उत्साह देखने को मिल रहा है। सावन के तीसरे सोमवार से पूर्व बड़ी संख्या में कांवड़िये महादेव घाट से पवित्र जल लेकर राजिम और गरियाबंद के लिए पदयात्रा पर रवाना हुए। वहीं, कई श्रद्धालु हाटकेश्वर, बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में जल अर्पित करने पहुंचे। इस भक्तिमय यात्रा में बच्चों से लेकर युवा और महिलाएं भी पूरे जोश और श्रद्धा के साथ शामिल हो रही हैं।**



**रायपुर।** कुछ श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से इस पदयात्रा के लिए कार्यस्थल से अवकाश लिया है। वहीं, कई ऐसे भी हैं जो शारीरिक असमर्थता के बावजूद भोलेनाथ की असीम श्रद्धा में जल चढ़ाने पदयात्रा कर रहे हैं। सावन का यह माह भक्तों के लिए न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि समर्पण, सेवा और विश्वास का भी अद्वितीय उदाहरण बन रहा है। हरिभूमि ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से बातचीत की। रायपुर से गरियाबंद जा रहे श्रद्धालु कामेश साहू ने बताया, 'पिछले पांच वर्षों से मैं हर साल सावन के तीसरे सोमवार को भूतेश्वर महादेव के दर्शन करता हूं। इस बार भी यात्रा के लिए मैंने दफ्तर से चार दिन की छुट्टी ली है। 91 किलोमीटर की यह पदयात्रा मुझे ऊर्जा और उत्साह से भर देती है।' इसके अलावा रायपुर से सोमनाथ की ओर जा रहे श्रद्धालु हेमंत विश्वकर्मा ने बताया, 'हम 20 लोगों का समूह है और यह हमारी लगातार चौथी यात्रा है। इस यात्रा में 15 वर्ष के किशोर से लेकर 60 वर्ष तक के लोग शामिल हैं। सभी में भक्ति और उत्साह समान रूप से देखने को मिलता है।'

### शिव-पार्वती के रूप में दिखे भक्त



कांवड़ शोभायात्रा में भक्ति का अनोखा रूप देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती का रूप धारण कर यात्रा को विशेष रूप से अलंकृत किया। शोभायात्रा के दौरान शिव तांडव की जीवंत प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और लोगों को भावविभोर कर दिया। शिव-पार्वती के रूप में सजे श्रद्धालु जब जयघोष करते हुए आगे बढ़े, तो राह चलते लोग उन्हें देखकर अभिभूत हो उठे। शोभायात्रा में करीब 350 श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। सुबह से प्रारंभ हुई यह यात्रा पूरे मार्ग में उत्साह, ऊर्जा और श्रद्धा का प्रतीक बनी रही। भक्तों ने भगवा और पीले वस्त्र पहनकर तथा हाथों में ध्वज लेकर यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर रायपुर महापौर मीनल चौबे भी यात्रा में शामिल हुईं।



### विभिन्न वार्डों से निकली कांवड़ यात्रा

तीसरे सावन सोमवार से पहले राजधानी के विभिन्न वार्डों से भोलेनाथ की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकाली। महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर और बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में सबसे अधिक कांवड़ियों का जमावड़ा रहा, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को जल अर्पित किया और दर्शन लाभ लिया। दोनों जिलों से पैदल चलते हुए दिनभर में 50 से अधिक कांवड़िया समूह मंदिरों तक पहुंचे। भक्ति गीतों, जयकारों की गूंज और रंग-बिरंगे कांवड़ों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कांवड़ लेकर चल रहे सुरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि उनकी यात्रा सुबह 10 बजे मोवा थाना स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई। यात्रा का नज़ारा अत्यंत मनोहारी रहा। जहां छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने कंधे पर कांवड़ उठाए, हर- हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे। भक्तों के कांवड़ आकर्षक ढंग से सजाए गए थे। रंगीन डंडे, प्लास्टिक के लोटे, सजावटी रस्सियां, नागछत्र, त्रिशूल, कमल के स्टैंड और शिव प्रतिमाओं से सजे इन कांवड़ों ने यात्रा को और भी भव्य बना दिया।

## आराधना

# तीर्थ दर्शन से होता है अंतःकरण शुद्ध, चित्त को मिलती शांति



**रायपुर।** शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला रायपुर में चातुर्मास प्रवचन माला के अंतर्गत शिव कथा की व्याख्या करते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ ने बताया कि तीर्थ के दर्शन करने से अंतःकरण की शुद्धि होती है तथा चित्त शुद्ध हो जाता है। चित्त के निर्मल होने से साधक को परमात्म तत्त्व की प्राप्ति हो जाती है। तीर्थ के दर्शन करने से तीन अर्थों की प्राप्ति होती है। धर्म, अर्थ, काम। ये तीनों ही अर्थ तीर्थ में स्नान, दान एवं पुण्य करने से प्राप्त हो जाते हैं। वास्तव में तीर्थ में किया गया दान, पुण्य व सद्कर्म निष्काम होता है, जो मुक्ति का सीधा कारण बनता है। इस दृष्टि से यदि विचार किया जाए तो चारों पदार्थ भी तीर्थ यात्रा से प्राप्त हो जाते हैं। परंतु, तीर्थ यात्रा के नियमों के पालन न करने से पाप भी प्राप्त हो जाते हैं। अतः तीर्थ में कैसे रहना है? कैसे स्नान करना है? यह सब शास्त्रों से प्राप्त होता है।

### तपस्या के भाव से ही तीर्थ जाना चाहिए

तीर्थ को कभी गंदा नहीं करना चाहिए। तीर्थ में मुसल स्नान करने की विधि है अर्थात केवल डुबकी लगाकर के बाहर निकलना है। कपड़े धोने याशरीर धोने का, गंदगी फैलाने का आपको अधिकार नहीं है। यदि आप ऐसा करेंगे तो तीर्थ दूषण का एक आपको पाप लगेगा, जो आपके पुण्य को नष्ट कर देगा। अतः तीर्थ में तीर्थ के नियमों के अनुसार या शास्त्र के नियमों के अनुसार ही स्नान दान करना चाहिए। आजकल लोग तीर्थ यात्रा को पर्यटन स्थल बना रहे हैं, जो आध्यात्मिक एवं भौतिक दृष्टि से भी उत्तम नहीं है। तीर्थ यात्रा एक तपस्या है। अतः तपस्या के भाव से ही तीर्थ जाना चाहिए, तभी आपको तीर्थ यात्रा का पूरा पुण्य प्राप्त होगा तथा चित्त की भी शुद्धि होगी। सुधि वक्ता ने नारद मोह की कथा के प्रसंग में बताया कि नारद जी ने जब भगवान नारायण को श्राप दे दिया तो उनके मन में ग्लानि उत्पन्न हुई। हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगे तब भगवान नारायण ने समझाया कि तुम अपने मन की ग्लानि यदि दूर करना चाहते हो तो तीर्थों का भ्रमण करो और शिव नाम का जप करो।

# ऐसा बनाएं व्यक्तित्व, जिससे घर के हर सदस्य बेझिझक खुलकर कह सकें बात

**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को विशेष प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज साहब ने कहा कि अपने इगो को हटाना होगा। आप जब सुनना शुरू कर दोगे तभी सुधार होगा। सुनना ही हमारे सुधरने का द्वार है। कोई आपकी गलती बताएं तो उसे सुनकर उसका विश्लेषण करें और सुधार करें। ऐसा करने वाला व्यक्ति



जीवन में आगे बढ़ सकता है। इगो एक पहाड़ के समान होता है। इगो को ध्वस्त करना पड़ेगा। उम्र के साथ परिपक्वता बढ़े, गंभीरता बढ़े, पद बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े, लेकिन इगो को घटाना होगा। जीवन में आप आगे बढ़ो, लेकिन इगो को घटाते जाओ। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि व्यक्तित्व ऐसा बनाओ कि घर में हर छोटे और बड़े अपनी बात बगैर किसी घबराहट के आपसे खुलकर कह सकें। सुखी होने का फार्मूला यही है। कोई भी आपसे कहे तो आप सुन सको। घर वालों से पूछो कि मेरे को क्या सुधार करना चाहिए। यदि वे नहीं बोल सके तो बोलने लायक बनाना पड़ेगा। अपनी गलती को दिमाग में रखकर सुधारने का अभ्यास करें। हो सकता है फिर भी गलती होगी, लेकिन आत्मविश्वास मजबूत रखें। आत्मविश्वास खोकर सुधार संभव नहीं है।

### श्री पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशों से अभिषेक व शांति धारा संपन्न



श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में रविवार को प्रतिदिन होने वाली आध्यात्मिक प्रयोगशाला में संपूर्ण विश्व में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ भगवान श्री पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर) का रजत कलशों से अभिषेक एवं शांति धारा विधिवत रूप से संपन्न हुई। प्रातः 8 बजे सभी श्रावकगणों ने शुद्ध धोती-दुपट्टा धारण कर सर्वप्रथम मंगलाष्टक पाठ का पाठन किया। इसके पश्चात अभिषेक के लिए प्रासुक जल को मंत्रोच्चार द्वारा शुद्ध किया गया। अभिषेक पाठ के साथ भगवान श्री पार्श्वनाथ को श्रीकार लेखनम कर पांडुलशिला पर विराजमान किया गया। चार रजत कलशों की स्थापना कर, समता भाव से सभी श्रावकों ने प्रभु का पावन अभिषेक किया। आयोजन में विशेष रूप से संजय जैन (सतना), प्रवीण जैन (मामाजी), आदेश जैन, प्रणीति जैन, श्रद्धेय जैन, दिलीप जैन, अमित जैन, रासु जैन, समित जैन, राज जैन, कृष जैन सहित अन्य श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



# शिक्षा- संस्कार के संग खेलों में निखरे बच्चे, शिविर में दिखा उत्साह और उमंग

**रायपुर।** पूज्य हंसकीर्ति श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में श्री आत्मोत्थान चातुर्मास के अंतर्गत बच्चों के लिए एक विशेष रविवारीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 135 बच्चों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया। शिविर का संचालन विक्की गुरुजी द्वारा किया गया, जिन्होंने ज्ञानवर्धक गतिविधियों और मनोरंजक खेलों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा और संस्कार से जोड़ा। बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सभी सत्रों में भाग लिया, जिससे शिविर का वातावरण अत्यंत जीवंत और प्रेरणादायक रहा। गत शिविर में आयोजित खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया, जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा। साथ ही, शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### गिरनारी नेमि जन्म कल्याणक महोत्सव कल

दादाबाड़ी में 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर पर मंगलवार को गिरनारी नेमि जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस दिन सुबह 9 बजे भगवान का अष्टोतरी अभिषेक होगा, जिसमें नासिक के सुप्रसिद्ध संगीतकार हर्ष शाह अपनी प्रस्तुति देंगे और विधिकारक राकेश भाई पंडितजी, नासिक होंगे। वहीं, रात को 8.30 बजे गिरनार से भव पार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नासिक के सुप्रसिद्ध संगीतकार हर्ष शाह अपनी प्रस्तुति देंगे और संचालक संकेत गांधी होंगे। नेमिनाथ जन्मकल्याणक के दिन एकसना की व्यवस्था होगी।

# नाकोड़ा भैरव महापूजन में 200 जोड़ों ने लिया भाग, 108 दीपों से की महाआरती



**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व भावोल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में रविवार को नाकोड़ा भैरव देव का महापूजन श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य अनुष्ठान में 200 जोड़ों की सहभागिता रही। पूजन का विधि-विधान विख्यात विधिकारक मनोज बाबूलालजी हरण के सान्निध्य में मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। पूजन सह-पीठ पर 18 लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य पूजन पीठ का सौभाग्य प्रकाश बरलोटा परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विमलनाथ मंदिर के 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जीर्णोद्धार का संकल्प लिया गया। साथ ही इस शुभ समय को साधते हुए भोमिया जी के महापूजन की भी घोषणा की गई, जिसमें 108 जोड़ों के सहभागिता का आह्वान किया गया। विशेष बात यह रही कि इसी कार्यक्रम स्थल पर 50 जोड़ों ने तत्काल सहमति प्रदान कर आयोजन की आध्यात्मिक ऊर्जा व जन-आस्था का प्रमाण प्रस्तुत किया। पूजन के दौरान भैरव देव का अष्टप्रकारी महापूजन किया गया, जिसमें जल, धूप, दीप, अक्षत, वासु, चेप, फूल-फल आदि से विधिपूर्वक पूजन संपन्न हुआ। प्रवचन के दौरान पूज्य तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने आगामी आष्टपद भाव यात्रा की घोषणा की, जिसमें संघपति बनने का लाभ श्री शेखर कोठारी परिवार द्वारा लिया जाएगा। इस यात्रा में चतुर्विध संघ साधु-साध्वी भगवंत, श्रावक-श्राविकाएं सामूहिक रूप से भाग लेंगे।100 से अधिक शत्रुंजय तप करने वाले तपस्वियों के 3 पारने भी सम्पन्न हो चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि महामृत्युंजय तप के कई तपस्वी भी कठोर तपस्या की और आगे बढ़ रहे हैं।


### महाआरती में पहुंचे भक्तगण

अंत में 108 दीपों से भव्य महाआरती की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण मंत्रमुग्ध और भक्तिमय हो उठा। इस विशाल आयोजन में भैरव भक्त मंडल का समर्पित सहयोग रहा। आयोजन की सफलता में भरत सोनागिरा, कमल लोढ़ा, राजेश सिंघी, रवि जोशी, धनराज बैज, मूलचंद लुंकड़, दिलीप लुंकड़, दिलीप परख सहित कई सेवाभावी जनों का तन-मन से योगदान सराहनीय रहा। पूरे कार्यक्रम में आचार्यश्री जयपाल विजयजी म.सा., प्रियदर्शी विजयजी म.सा., तीर्थप्रेम विजयजी म.सा., तथा अक्षयनिधि साध्वी भगवंतजी की पावन उपस्थिति श्रद्धालुओं को विशेष प्रेरणा व आशीर्वाद स्वरूप प्राप्त हुई।

# कारगिल विजय दिवस पर स्कूलों से निकली जागरूकता रैली



**रायपुर।** कारगिल विजय के उपलक्ष में स्वामी आत्मानंद पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कृष्ट हिंदी माध्यम में मनाया गया। इस उपलक्ष में चित्रकला, रैली, निबंध एवं क्विज कंपटीशन कराया गया। इस कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या प्रीति गुप्ता एवं यामिनी साहू के नेतृत्व में समस्त शिक्षक बच्चे एवं शाला के समस्त परिवार तथा विकास समिति के सदस्य तथा अध्यक्ष निर्मल एवं कार्यकारिणी सदस्य मनीष अग्रवाल की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कारगिल युद्ध के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। स्कूल और कॉलेजों में किया गया आयोजन, वीर सपूतों की दी जानकारीः इस अवसर पर अन्य सरकारी स्कूल और कॉलेज में भी कार्यक्रम हुए, जहां वीर सपूतों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य रूप से कारगिल में हुए युद्ध की राजनीतिक, रणनीतिक और सैनिकों के पराक्रम को परिभाषित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रतियोगिताओं को प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बताया गया कि कारगिल दिवस पर प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन किए जाते हैं, ताकि आज के युवाओं को 1999 में हुए इस युद्ध के बारे में सही जानकारी हो सके।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय कार्फबॉल में छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश को हराया



**रायपुर।** राष्ट्रीय 21वीं सब जूनियर एवं 30 वीं जूनियर कार्फबॉल प्रतियोगिता तंबराम चेन्नई ( तमिलनाडु ) में 24 से 27 जुलाई तक आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की सब जूनियर टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम के सदस्य सागर वाधवानी, अनुज श्रीवास्तव, अन्वेष हडलेशकर, अर्षित गुप्ता, आयुष बारी, ऋतिक राज गुप्ता, आदित्य सिंह, प्रकृति कश्यप, आकांक्षा रजक, आरना कुलश्रेष्ठ आरजू मुमताज, संजना मिंज, रुद्राक्षी जैन एवं कोच ओम पटेल एवं मैनेजर शमशाद बेग थे। टीम ने छत्तीसगढ़ टीम ने अपने लीग मैच में महाराष्ट्र को 9-5 एवं तमिलनाडु को 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल में हिमाचल प्रदेश से जीतकर छत्तीसगढ़ टीम ने फाइनल में प्रवेश किया एवं फाइनल में हरियाणा से पराजित होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने गत वर्ष भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि पर प्रदेश कार्फबॉल प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पलक जायसवाल, केपीएस चौहान भिलाई, आनंद सिंह, उमेश सिंह, राजेश प्रताप सिंह, नागेश प्रताप सिंह, रेनू कुलश्रेष्ठ, अमित तिवारी, ओमकार जयसवाल, बृजेश शर्मा, देवेंद्र सन्नाड, वर्तिका सिंह, पीयूष पांडे, अमित पिल्ले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, ऋषभ हडलेसकर, सौम्य संतवानी एवं सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### हॉकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वितरित किये हॉकी स्टिक



**रायपुर।** हॉकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रायपुर के पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर और उनकी पत्नी अंजुम ढेबर (पार्षद मौलना रऊफ वार्ड ) ने गंजपारा स्कूल की हॉकी टीम के खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक भेंट की। इस अवसर पर स्मार्ट हॉकी के सचिव नासिर अली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों को स्टिक केस प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। गौरतलब है कि यह वही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कुछ दिनों पहले अपनी पुरानी और टूटी हुई स्टिक से, नंगे पांव खेलते हुए, एक शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल से जीत दर्ज की थी। इन खिलाड़ियों का जज़्बा और खेल के प्रति समर्पण ने सभी का दिल जीत लिया। पूर्व महापौर ढेबर ने इस अवसर पर कहा, इन बच्चों ने कठिन परिस्थितियों में भी जो जीत हासिल की है, वह प्रेरणादायक है। इन्हें बेहतर संसाधन देना हमारा कर्तव्य है, ताकि ये भविष्य में राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक तिर्की पूर्व हॉकी खिलाड़ी नोमान अकरम हमीद और पूर्व हॉकी खिलाड़ी और शेरा क्लब अध्यक्ष मुश्ताक अहमद मौजूद थे।

### राष्ट्रीय नेटबॉल में आयुष्मान, शबनम व माही छत्तीसगढ़ से



**रायपुर।** 14 वीं सेंट्रल जोन नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप गाजियाबाद उत्तरप्रदेश में 26 से 28 जुलाई तक आयोजित है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सरगुजा से बालक वर्ग से आयुष्मान यादव एवं बालिका में माही मंसूरी और शबनम नाज का चयन हुआ है। जिले से चयनित तीनों खिलाड़ियों को जिला संघ के सचिव रजत सिंह, सौरभ सिन्हा, गौरव सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह गोल्डी और खुशबु गुप्ता के साथ जिला नेटबाल संघ व सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ ने बधाई दी है।

### सीबीएसई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में एमजीएम स्कूल की जीत



**रायपुर।** ईस्ट ज़ोन सीबीएसई क्लस्टर दो सीनियर गर्ल्स वॉलीबॉल चैंपियनशिप एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर ने जीत लिया। लीग मैच में उन्होंने डीपीएस बिलासपुर को आसानी से 2-0 से हराया। सेमीफाइनल मैच में उन्होंने एसईसी रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में भुवनेश्वर के खिलाफ उन्होंने कड़े मुकाबले में 3-1 से जीत हासिल किया और ट्रॉफी अपने नाम किया। टीम के सदस्य थे अलीशा (कप्तान), इच्छा तिवारी, प्रियंका, कनिष्का, श्वेता, आरुषी, जागृति, दृशा, ऋषिका, वर्षी। टीम की कोच रुचि जायसवाल थीं।

### आंत के बैक्टीरिया से मस्तिष्क का है सीधा संबंध, दिमाग को कंट्रोल करते हैं ये बैक्टीरिया

# सिर्फ भोजन को हजम करना ही काम नहीं है आंतों का, दिमाग से भी जुड़े हैं इसके तार

हमारा मस्तिष्क और हमारा पेट दोनों ही शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। बहुत कम लोगों को मालूम है कि हमारा मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा संबंध है। आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित करते हैं।

हमारा शरीर एक जटिल तंत्र है, जहां हर अंग एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। इनमें मस्तिष्क और पेट का संबंध सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। हालांकि ज्यादातर लोग सोचते हैं कि पेट का काम सिर्फ खाना पचाना है, पर बहुत कम लोगों को यह मालूम है कि हमारे मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा और सीधा संबंध है।हमारा पेट सिर्फ भोजन पचाने का काम नहीं करता, बल्कि यह अरबों सूक्ष्मजीवों (माइक्रोब्स) का घर भी है, जिन्हें सामूहिक रूप से आंत माइक्रोबायोम कहते हैं। ये बैक्टीरिया हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क के साथ लगातार संवाद करते हैं। यह संवाद सिर्फ हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य, हमारी भावनाओं, मूड और यहां तक कि सोचने-समझने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। यह संबंध जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और प्रभावशाली है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि हमारे आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को कैसे कंट्रोल करते हैं।



## आंत और मस्तिष्क में संवाद के तरीके

आंत और मस्तिष्क के बीच का संवाद कई तरीकों से हो सकता है। सबसे पहला वेगस तंत्रिका एक सीधा रास्ता है, जो पेट से दिमाग और दिमाग से पेट तक संदेश ले जाती है, जिससे दोनों आपस में जुड़े रहते हैं। इसके अलावा, आंत के बैक्टीरिया कई रासायनिक संदेशवाहक (न्यूरोट्रांसमीटर) बनाते हैं, जैसे सेरोटोनिन, जिसका 90% हिस्सा पेट में ही बनता है।

ये रसायन हमारे मूड, नींद और भूख पर असर डालते हैं। साथ ही, आंत का स्वास्थ्य सीधे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को भी प्रभावित करता है, आंत में असंतुलन होने पर सूजन बढ़ती है, जो दिमाग और मानसिक सेहत पर बुरा असर डाल सकती है।



## आंत के बैक्टीरिया मानसिक स्वास्थ्य और मूड को कैसे प्रभावित करते हैं?

आंत माइक्रोबायोम का असंतुलन, जिसे डिसबायोसिस कहते हैं, चिंता और डिप्रेशन के बढ़ते जोखिम या गंभीरता से जुड़ा हुआ है। एक अस्वस्थ आंत से शरीर में सूजन बढ़ सकती है और न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन बाधित हो सकता है, जिससे मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है। आंत के बैक्टीरिया शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को भी प्रभावित करते हैं।

एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम आपको तनाव के प्रति अधिक लचीला बना सकता है। इसके अलावा, आंत का संतुलन याददाश्त, सीखने की क्षमता और समग्र संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। नींद के पैटर्न भी आंत के स्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। हमारे आंत के बैक्टीरिया का संतुलन कई चीजों से प्रभावित होता है। खराब डाइट जिसमें प्रोसेस्ड फूड, ज़्यादा चीनी और कम फाइबर हो, अच्छे बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाती है। एंटीबायोटिक्स भी अच्छे-बुरे दोनों बैक्टीरिया को खत्म कर देती हैं। इसके अलावा, लगातार तनाव और नींद की कमी भी आंत के माइक्रोबायोम को नकारात्मक रूप से बदल सकती है। वहीं, आंत के बैक्टीरिया के लिए संतुलित आहार (फाइबर, फल, सब्जियां), प्रोबायोटिक्स (दही) वाले फूड्स बहुत फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन भी आंत में बैक्टीरिया की विविधता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

## स्वस्थ आंत के लिए अपनाएं ये आदतें

अपने दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए अपनी आंत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए अपनी डाइट में फर्मेंटेड फूड्स जैसे दही, छाछ, किमची, और सॉवरक्रॉट को शामिल करें। फाइबर से भरपूर फल, सब्जियां, दालें और साबुत अनाज का सेवन बढ़ाएं।

प्रोसेस्ड फूड्स और चीनी का सेवन सीमित करें। नियमित रूप से व्यायाम करें, पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग या ध्यान जैसी तकनीकों को अपनाएं। यदि आप लगातार मूड संबंधी समस्याओं या गंभीर पाचन संबंधी परेशानियों का अनुभव कर रहे हैं, तो किसी डॉक्टर या पोषण विशेषज्ञ से जरूर सलाह लें।



# आत्मरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है कराटे-वर्मा



**रायपुर।** राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप "स्वतंत्रता कप"का आयोजन स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम, कोटा, रायपुर में 26 एवं 27 जुलाई को रखा गया। आयोजन समिति व भारत कराटे अकादमी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष खेत्रो महानंद ने बताया इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 17 जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और आत्मरक्षा, अनुशासन एवं खेल भावना का अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा थे। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा "राज्य सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे आयोजन खेल संस्कृति को और सशक्त करते हैं। आयोजन में विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, भाजपा नेता मनोज निषाद, पृथ्वीराज महानंद, जितेंद्र ठाकुर और डॉ गिरिराज आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को विशिष्ट अतिथि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने सम्मानित किया गया, जिसमें सभी विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान भगवानू नायक ने कहा कराटे आत्मरक्षा के साथ ही आत्मविश्वास और चरित्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ऐसे आयोजन से युवा वर्ग और नई पीढ़ी को नई दिशा मिलती है। खेत्रो महानंद ने आगे कहा कार्यक्रम के दौरान कराटे की विभिन्न तकनीकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस आयोजन के माध्यम से न सिर्फ खिलाड़ियों को एक मंच मिला, बल्कि राज्य में कराटे को और भी लोकप्रियता मिली। खेत्रो महानंद ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, तकनीकी अधिकारियों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि "आप सभी की उपस्थिति और सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका।

- **राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में पहुँचे खेल मंत्री, प्रदेश भर के खिलाड़ियों की भागीदारी**

# धन की हर समस्या से मिलेगा छुटकारा बस करने होंगे जरूरी वास्तु के उपाय

कुछ सरल और प्रभावशाली वास्तु उपाय अपनाकर आप अपने जीवन में समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। साथ ही इन खास उपाय को सही तरीके से करने पर आप धन की समस्याओं से भी छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं।



## ईशान कोण का महत्व

वास्तु शास्त्र में ईशान कोण को सबसे पवित्र दिशा माना गया है, क्योंकि इसे देवताओं का स्थान कहा गया है। इस दिशा को सदैव स्वच्छ और व्यवस्थित रखें। गंदगी या अव्यवस्था से मानसिक तनाव और नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो सकती है। घर के इस कोने में भगवान की मूर्तियां, धार्मिक ग्रंथ, पूजा का स्थान या छोटा-सा मंदिर बनाना शुभ माना जाता है।

## मुख्य द्वार पर दीपक जलाना

घर का मुख्य प्रवेश द्वार ऊर्जा का प्रवेश मार्ग होता है। प्रतिदिन शाम के समय मुख्य द्वार के पास दीपक जलाना बेहद शुभ और फलदायी होता है। दीपक को दरवाजे के दोनों ओर या केवल दाहिनी ओर रखें। इससे घर में लक्ष्मी का वास होता है और नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होता। शुक्रवार और अमावस्या की रात को यह उपाय अत्यंत फलदायक माना जाता है।

## उत्तर दिशा का रखरखाव

उत्तर दिशा को धन के देवता कुबेर और देवी लक्ष्मी से जोड़ा गया है। यह दिशा आर्थिक उन्नति और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। उत्तर दिशा में साफ-सफाई बनाए रखें और अनावश्यक वस्तुएं न रखें।इस दिशा में मनी प्लांट, क्रिस्टल बॉल, धातु का कछुआ या छोटा-सा एक्वेरियम रखने से घर में धन-धान्य में वृद्धि होती है।



# शादी से पहले जरूर कराने चाहिए ये मेडिकल टेस्ट, मजबूत रहेगा रिश्ता

एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए भावी दूल्हा-दुल्हन के बीच स्वास्थ्य पारदर्शिता और जागरूकता बेहद जरूरी है। कई बार कुछ छिपी हुई स्वास्थ्य समस्याएं भविष्य में रिश्ते में तनाव या गंभीर चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। ऐसे में शादी से पहले कुछ जरूरी मेडिकल टेस्ट कराना एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

शादी दो लोगों और परिवारों को जोड़ने वाला एक पवित्र बंधन है, जिसकी नींव सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की सुरक्षा पर भी टिकी होती है। एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बेहद जरूरी है। इसी बीच ये भी खबर आ रही है कि मेघालय में शादी से पहले एचआईवी की जांच कराना अनिवार्य हो सकता है। बता दें कि ऐसा नियम गोवा में पहले से ही लागू है। ऐसे में बहुत से लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन को किन-किन मेडिकल जांचों को करा लेना चाहिए। ये टेस्ट न केवल संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते उजागर करते हैं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी करने में भी मदद करते हैं। आइए ऐसे चार महत्वपूर्ण मेडिकल टेस्ट्स के बारे में जानते हैं, जो हर दूल्हा-दुल्हन को शादी से पहले जरूर कराने चाहिए।



## एचआईवी टेस्ट

एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) टेस्ट शादी से पहले कराए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट्स में से एक है। यह टेस्ट यह सुनिश्चित करता है कि दोनों भागीदारों में से कोई भी इस वायरस से संक्रमित तो नहीं है।

## क्यों जरूरी

एचआईवी एक यौन संचारित रोग है। यदि एक पार्टनर संक्रमित है, तो शादी के बाद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। समय रहते इसका पता चलने पर न केवल संक्रमण को दूसरे पार्टनर तक फैलने से रोका जा सकता है, बल्कि यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं, तो मां से बच्चे में संक्रमण के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। प्रारंभिक पहचान से संक्रमित व्यक्ति को तुरंत एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे वे एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

## इनफर्टिलिटी टेस्ट

इनफर्टिलिटी टेस्ट शादी से पहले भावी जोड़ों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं। यह टेस्ट दोनों भागीदारों की प्रजनन क्षमता का आकलन करता है।

## क्यों जरूरी-

इस टेस्ट से पुरुष में शुक्राणु की गुणवत्ता और संख्या या महिला में ओवुलेशन और प्रजनन अंगों से संबंधित संभावित समस्याओं का पता चल सकता है। यदि कोई समस्या पाई जाती है, तो दंपति को पहले से ही इस बारे में पता होगा और वे भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक रूप से भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## भारत में नजर आई जेम्स बॉन्ड की एक्ट्रेस एलेसेंड्रा, खास काम के लिए आईं सुपरमॉडल



ब्राजील की मशहूर सुपरमॉडल एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को इंडिया में स्पॉट किया गया। हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एलेसेंड्रा अपनी बेटी के साथ नजर आईं, जिसके बाद हर कोई ये जानना चाह रहा था वो क्यों भारत आई हैं। ग्लोबल सुपरस्टार के भारत आने के पीछे एक खास वजह है।

दरअसल, एलेसेंड्रा भारत की सबसे चर्चित फैशन शोज में से एक कोचर वीक 2025 में हिस्सा लेने के लिए आई हैं और इसमें भी वो किसी आम मॉडल की तरह नहीं, बल्कि डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की शो-स्टॉपर बनकर रैंप पर उतरने वाली हैं।

जब एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो एयरपोर्ट पर स्पॉट की गईं, तो उनके साथ उनकी बेटी भी नजर आईं, जो उनके इस भारत दौरे में उनकी साथी बनकर आई हैं। स्टाइलिश ड्रेस और सिग्नेचर एलिगेंस के साथ एयरपोर्ट पर नजर आई एलेसेंड्रा ने पैपराजी को देखकर स्माइल किया।

एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो को मनीष मल्होत्रा ने अपने खास कलेक्शन को पेश करने के लिए इनवाइट किया है और एलेसेंड्रा न सिर्फ वॉक करने वाली हैं, बल्कि शो की मुख्य आकर्षण यानि शो-स्टॉपर भी होंगी। कोचर वीक में मनीष मल्होत्रा हर बार अपने डिजाइन के जरिए कुछ नया और भव्य दिखाते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक इंटरनेशनल फेस को चुना है, जो इस शो को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### टॉलीवुड

## मद्रास हाईकोर्ट की आपत्ति के बाद सोशल मीडिया से हटाया गया 'बैड गर्ल' का टीजर



तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' के टीजर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश मद्रास हाईकोर्ट द्वारा दिया गया। फिल्म में टीनएज बच्चों के गलत चित्रण पर कोर्ट ने आपत्ति जताई है। तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर हाल ही में यूट्यूब और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ। इस टीजर में बच्चों, टीनएजर्स से जुड़े कुछ ऐसे आपत्तिजनक चित्रण थे, जिन पर मद्रास हाईकोर्ट ने आपत्ति जताई। ऐसे में कोर्ट ने मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर यूट्यूब से हटाने का आदेश दिया था। इस फिल्म को वेत्रीमारन और अनुराग कश्यप ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की निर्देशक वर्षा भारत हैं।

मद्रास हाई कोर्ट ने फिल्म को लेकर चिंता जाहिर की। कोर्ट के अनुसार फिल्म 'बैड गर्ल' टीनएज बच्चों पर बुरा असल डालती है। जज पी। धनबल ने कहा, 'अगर बच्चे फिल्म में दिखाई गई बातों को देखेंगे, तो यह जरूर बच्चों के दिमाग पर बुरा असल डालेगी।'

बताते चलें कि 26 जनवरी 2025 को फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर रिलीज हुआ। जिसको काफी क्रिटिसाइज किया गया। एक वकील एस वेंकटेश ने इस पर कानूनी कार्रवाई की, उनका कहना था कि फिल्म के टीजर ने POCSO एक्ट और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट का उल्लंघन किया है।

निर्देशक वर्षा भारत को भी फिल्म 'बैड गर्ल' के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। फिल्म में एक स्कूली लड़की के रिलेशनशिप को एक्सप्लोर करने की कहानी दिखाई गई। वर्षा ने भी अपना पक्ष रखा है। वह कहती हैं, 'मैं बस एक ऐसा किरदार लिखना चाहती थी जो लोगों से जुड़ सके। मेरी फिल्म कोई सेल्फ-हेल्प बुक नहीं है।' बताते चलें कि तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' को इंटरनेशनल लेवल पर सराहा गया है। फिल्म को 2025 के रॉटरडैम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड भी मिला है।

तमाम आलोचानाओं के बाद फिल्म 'बैड गर्ल' सेंसर बोर्ड से पास हो चुकी है, इसे यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म इस साल 5 सितंबर को रिलीज होगी। अब मामला कोर्ट में पहुंच गया है तो इस फिल्म की रिलीज का क्या होगा, यह आने वाले समय में पता चलेगा।

### भोजपुरी

## इंस्टाग्राम का भोजपुरिया सुपरस्टार तय करने छिड़ी बहस, सबके अपने दावे



भोजपुरी फिल्मों का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोलता है। सिर्फ बिहार और यूपी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में भोजपुरी फिल्मों के फैंस हैं। ऐसे में जानते हैं कौन सा एक्टर है सोशल मीडिया स्टार।

बॉलीवुड की तरह ही भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री भी अब सिर्फ पर्दे तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी इनका जलवा बखूबी देखने को मिलता है। भोजपुरी सेलेब्स की भी सोशल मीडिया पर शानदार फैन फॉलोइंग देखने को मिलती है। रवि किशन से लेकर पवन सिंह तक के लोग दीवाने है। ऐसे में हर कोई ये जानना चाहता है कि आखिर सोशल मीडिया पर भोजपुरिया सुपरस्टार कौन है।

दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ को भोजपुरी इंडस्ट्री में जुबरी स्टार के नाम से जाना जाता है। निरहुआ ने 2006 में 'हमका ऐसा वैसा ना समझा' से डेब्यू किया था।एक्टिंग से पहले वो सिंगिंग किया करते थे। बता दें इंस्टाग्राम पर निरहुआ के 2।2 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

एक्टर और सिंगर अरविंद अकेला कल्लू ने 2015 में 'दिल भईल दीवाना' से भोजपुरी इंडस्ट्री में कदम रखा था।अब वो भोजपुरी के सुपरस्टार एक्टर्स की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। इंस्टाग्राम पर अरविंद को 2।5 मिलियन फॉलोवर्स फॉलो करते हैं। रवि किशन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। रवि किशन की सोशल मीडिया पर शानदार फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उन्हें 3।1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।2004 में पवन सिंह ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर के तौर पर कदम रखा था।

## हिजाब का जलवा

लाइफ स्टाइल



पारंपरिक रूप से फ़ैशन उद्योग में अब हिजाब की तरफ से चुनौती मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय फैशन शो में कई मशहूर डिज़ाइनर और मॉडल्स मुख्यधारा के रनवे पर इस शालीन फ़ैशन को शामिल कर रहे हैं। हिजाब अब फ़ैशन उद्योग में एक सर्वमान्य और स्वीकृत परिधान बन गया है, जो सौंदर्य आदर्शों में एक उल्लेखनीय बदलाव, जीवनशैली और फ़ैशन की स्वीकृति और उत्सव का प्रतीक है।

## उमस के दिनों में बढ़ जाती हैं स्किन से जुड़ी परेशानियां



जुलाई का महीना चल रहा है, जिसमें लगभग हर जगह ही खूब बारिश हो रही है। इस मौसम में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि ध्यान न रखा जाए तो दिक्कत काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बहुत से लोगों को तो इस बारे में जानकारी ही नहीं रहती है।

उन्हें लगता है उमस के मौसम में भी वही स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जा सकते हैं, जो गर्मी के मौसम में उपयोग किए जाते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। लोगों की इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको बताएंगे कि उमसभरे इस मौसम में आपकी स्किन से संबंधी क्या दिक्कतें हो सकती हैं और इन दिक्कतों को कम करने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है।

### उमस में क्यों बढ़ती हैं स्किन प्रॉब्लम्स?

सबसे पहले जानते हैं कि उमस के मौसम में स्किन से संबंधी दिक्कतें इतनी क्यों बढ़ जाती हैं ? दरअसल, इसी मौसम में बहुत से लोगों की स्किन के पोर्स पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। पोर्स के बंद होने पर स्किन में पसीना काफी ज्यादा आता है और स्किन काफी ऑयली हो जाती है। इसके बाद धीरे-धीरे स्किन पर फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ने लगता है, जिस कारण तमाम दिक्कतें सामने आने लगती हैं। इन दिक्कतों में सबसे अहम है चेहरे पर मुंहासों का होना, स्किन पर ऑयल का आना, एक्ने और पेग्मेंटेशन का होना। इस लेख में हम आपको इन दिक्कतों का हल भी बताएंगे। इनसे आपकी स्किन प्राब्लम जल्द दूर हो जाएंगी और आपको मिलेगी राहत।

### सही फेस वॉश करें इस्तेमाल

यदि उमस के मौसम में आप सही फेसवॉश का इस्तेमाल करेंगे तो आपको काफी दिक्कतें होने वाली हैं। इसलिए हमेशा मौसम के हिसाब से फेस वॉश का इस्तेमाल करें, ताकि उमस के मौसम में भी आपकी स्किन खिली-खिली रहे। अगर इस मौसम में आपके फेसवॉश में नीम, टी ट्री ऑयल या सैलिसिलिक एसिड हो तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### टोनर है जरूरी

लोगों को लगता है कि बारिश के मौसम में स्किन को हाइड्रेट रखने की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। इस मौसम में भी त्वचा को नमी की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में दिन में दो बार टोनर का इस्तेमाल करें, और अपने चेहरे को दमकाएं।

### ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर आएगा काम

बहुत लोग सोचते हैं कि उमस के मौसम में उन्हें मॉइस्चराइजर नहीं चाहिए, लेकिन यह जरूरी है। हमेशा ध्यान रखिए कि बारिश और उमस के मौसम में जेल बेस्ड और वाटर बेस्ट मॉइश्चराइजर अवश्य करना चाहिए। ये आपके स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है। उमस के मौसम में स्किन को कम से कम दो बार स्क्रब करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में डेड स्किन हो जाती है और त्वचा के पोर्स भी बंद हो जाते हैं।

## बारिश में पत्ते की तरह झड़ रहे हैं बाल तो करें ये उपाय



मॉनसून सीजन में स्किन के साथ बालों से जुड़ी समस्या होना भी आम बात है। बारिश के मौसम उमस और पसीने की वजह से बाल चिपचिप होने लगते हैं। ऐसे में बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। रोजाना पत्तों की तरह झड़ते बालों को देखकर हम परेशान होने लगते हैं। आपने अरंडी के तेल बारे में जरूर सुना होगा। यह बालों के लिए बेहद अच्छा होता है। यदि आपके भी बारिश में मौसम में बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं और आप इन्हें रोकने के लिए हर तरह के उपाय करके थक चुकी हैं तो आपको कैस्टर आयल का एक आसान घरेलू उपाय जानना चाहिए।

### हेयरफॉल रोकने के लिए कैस्टर ऑयल में क्या मिलाएं?

इसके लिए आपको एक कटोरी में कैस्टर आयल लेना है। अब आप एक प्याज छीलकर उसको मिक्सर जार में डालकर पीस लें। प्याज के पल्प को आपको एक कपड़े में डालकर उसका जूस निकाल लेना है। फिर आप मेथी दाना लेकर उसको थोड़ी देर पानी में भिगो दें। अब मेथी के दाने मिक्सर जार में डालकर पीस लेने हैं। इसके बाद आप अरंडी का तेल में प्याज का रस और मेथी दाने का पेस्ट डालकर मिक्स करें। अब आप इस तेल को किसी बर्तन में डालकर गर्म करें और उसमें कुछ करी पत्ते भी डाल दें। तेल ठंडा हो जाने के बाद आपको इसे किसी बोतल में भर लेना है। इस तेल से आप हफ्ते में दो बार स्कैल्प में मालिश करें। उसके बाद रातभर लगा रहने दें और सुबह बालों को शैंपू से वॉश कर लें। इस प्रक्रिया को आप यदि लगातार दो तीन हफ्ते दोहराती हैं तो आपको कुछ ही दिन में बालों में हेयरफॉल की समस्या खत्म होती दिख जाएगी। इस तेल के लगाने से बाल शाइनी, घने और नए बाल उगने भी शुरू हो जाएंगे।

## सावन में दिखेंगी सबसे खूबसूरत जब अपनाएंगी सिंपल ग्रीन लहंगे







अगर आप भी सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

सावन के महीने में अधिकतर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती है। ऐसे में अगर आप भी सावन के आखरी सोमवार या सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं साथ ही सावन महीने को यादगार बना सकती हैं।

### ऑलिव ग्रीन-सिल्वर टोन्ड प्रिंट

अगर आप अपने ऑफिस में भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और यूनिक लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप इस खूबसूरत ऑलिव ग्रीन और सिल्वर टोन्ड प्रिंटेड रेडी-टू-वियर लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे न सिर्फ आपको रॉयल लुक देंगे, बल्कि इसे पहनकर आप भीड़ से हटकर भी दिख सकती हैं। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड कॉटन लहंगा

यही नहीं आप चाहें, तो सावन के महीने में किसी भी दिन अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए इस खूबसूरत ग्रीन कलर प्रिंटेड कॉटन लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे लहंगे आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको यूनिक लुक देने में मदद करेंगे। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर ऐसा बनवा भी सकती हैं।

### सीक्विन्ड आर्ट सिल्क सेमी-स्टिच्ड लहंगा

अगर आप सावन के महीने में किसी शिवालय दर्शन के लिए जा रही है और इस दौरान पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो आप इस खूबसूरत सीक्विन्ड आर्ट सिल्क सेमी-स्टिच्ड लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे आपको रेडीमेड मिल जाएंगे।

## झुमके के लेटेस्ट डिजाइंस में पाएं सिंपल लुक



अपने आउटफिट में ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

### लेटेस्ट डिजाइंस

लेटेस्ट डिजाइंस के झुमके आपके आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते है और इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। यह झुमके आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से सस्ते कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### स्टोन वर्क झुमके

अगर आप डार्क कलर का आउटफिट स्टाइल कर रही हैं। तो, आप इस तरह के स्टोन वर्क झुमके का चुनाव कर सकती हैं। इस झुमके में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, इसमें बीड्स वर्क भी किया हुआ है। इस तरह के झुमके आप ऑनलाइन ले सकती हैं। वहीं ऑफलाइन भी आपको ये झुमके 200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे।

### कुंदन वर्क झुमके

अगर आप लॉन्ग में कुछ पहनने का सोच रही हीं तो, आप इस तरह झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इन झुमके में कुंदन वर्क किया किया है और साथ ही, ये लाइट कलर में है। इस तरह के झुमके आप लाइट और डार्क दोनों कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस कुंदन वर्क झुमके को आप 300 रुपये की कीमत में बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती है।

### राउंड डिजाइन झुमके

अगर अप स्टाइलिश लुक पाने के लिए कुछ न्यू डिजाइन में चाहती हैं तो, आप इस तरह के झुमके स्टाइल कर सकती हैं। यह झुमके राउंड डिजाइन में है साथ ही, इनमे बेहद ही खूबसूरत वर्क भी किया हुआ है। यह झुमके आप डार्क कलर के आउटफिट के साथ 400 रुपये की कीमत में खरीद कर स्टाइल कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## मेंस फैशन में हो जाती हैं गलतियां, इनमें जल्द करें सुधार

## अक्सर इन वजहों से यंग बॉय करते हैं फैशन मिस्टेक, इन गलतियों को करने से ऐसे बचें

फैशन मिस्टेक ऐसे होती हैं जिनके बारे में हमें पता नहीं चल पाता। हां, जब किसी स्टाइलिश आदमी की नजर पड़ती है तो वह जान लेता है। इस कारण हम बेहतर कपड़े पहनकर भी परफेक्ट नहीं दिख पाते हैं। ऐसे में कपड़ों के ऊपर पैसे खर्च करने का क्या मतलब। कई लोग सोच रहे होंगे मेरी मर्जी मैं जैसे चाहूं वैसे कपड़े पहनूं, किसी का क्या जाता है। मगर ऐसा नहीं है। हर चीज को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ रूल्स निर्धारित किए जाते हैं। हमें उन रूल्स को फॉलो करना होता है। उसी तरह फैशन रूल्स होते हैं जिनका पालना करना चाहिए।

इसलिए हम यहां पर लड़कों के स्टाइल मिस्टेक के बारे में बताने वाले हैं। चूंकि न केवल गलतियां बल्कि फैशन मिस्टेक के प्रमुख कारण से लेकर उन गलतियों को दूर करने के बारे में भी जानेंगे। तभी तो खुद को परफेक्ट लुक दे पाएंगे, वो भी बिना गलती किए। अगर आप फैशन मिस्टेक नहीं करना चाहते हैं तो चलिए बारी-बारी हम एक-एक कारण और समाधान को जान लेते हैं-



### देखादेखी न पहनें ड्रेस

हम जब किसी को ब्लाइंडली फॉलो करते हैं तो उसको समझने की भाषा में देखादेखी कहते हैं। अक्सर फैशन की दुनिया में देखादेखी करने वालों की संख्या बहुत अधिक है। कई लोग सेलिब्रिटी फैशन तो कई लोग अपने दोस्त या अन्य किसी को देखकर उनकी तरह दिखने का प्रयास करते हैं।

हम यह नहीं कहते हैं कि किसी के फैशन से खुद को इंस्पायर न करें। आप बेहिचक रणवीर सिंह हो या अन्य एक्टर उनके लुक को देखें। लेकिन आपको ठीक वैसा ही दिखना यह जरूरी नहीं। उसके लिए आपको कुछ बातों की जानकारी होनी चाहिए-

### समाधान जानिए-

देखादेखी ड्रेस नहीं पहननी है इसलिए किसी फैशनेबल को देखना बंद न करें। आप उनको देखें। मगर आप ड्रेस अपने बॉडी फिट और स्किन टोन का ध्यान रखकर कपड़ा खरीदें। अगर इन दो बातों का ध्यान रखेंगे तो इससे कपड़ा आपके शरीर पर जंचेगा।

### अंडरशर्ट को लेकर गलती

अंडरशर्ट को लेकर बहुत सारे लड़की गलती करते हैं। शायद ही ऐसा कोई लड़का हो जो इस बात को लेकर परेशान न हो। कई लोगों को अंडरशर्ट वाली पता चलती है मगर उनको सही जानकारी नहीं होने के कारण वे कुछ कर नहीं पाते। कई लोग जानबूझकर करते हैं।

अब समझिए, अंदर पहनने वाली चीज बाहर दिखेगी तो कैसा लगेगा। हमारे हिसाब से अंदर की चीज अंदर ही रहनी चाहिए। इसलिए तो उसका नाम अंडरशर्ट दिया गया है। मगर कई लोगों का अंडरवियर जींस से बाहर निकल जाता है और गंजी-बनियान शर्ट से बाहर दिखते हैं।

### जानिए समाधान-

इसके लिए क्या करना होगा। यहां पर आप कुछ सिंपल फंडा समझ लें। पहली बात कभी भी टी-शर्ट के अंदर गंजी-बनियान न पहनें। अंडरवियर जितना भी महंगा हो लेकिन उसको बाहर न दिखाएं। इसके लिए अंडरशर्ट को लेकर विस्तार रूप से यहां पढ़ें। इससे आपको काफी मदद मिल जाएगी।

### दिखावे के लिए स्टाइलिश बनना



दिखावा क्यों भाई, क्या जरूरर है दिखावा करने की। कपड़े शरीर को ढंकने और खुद को निखारने के लिए होते हैं। इसलिए दिखावे के लिए फैशन न करें। अगर ऐसा करेंगे तो शायद आपको मजबूरी में कपड़े पहनने पड़ेंगे। इसके अलावा लोग अपने कपड़े के ब्रांड, प्राइज आदि की चर्चा करते हैं। इस कारण कई जगहों पर उनकी किरकिरी हो जाती है। इससे न आप कंफर्टेबल फील कर पाएंगे, न खुश रहेंगे और न ही आपका आत्मविश्वास कायम रहेगा। अक्सर लड़के इस कारण गलती करते हैं। इसे शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' में दिखाया गया है।